Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 186 | मंगलवार, 08 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा लगातार बाधित

# भारी बारिश की वजह से पहाड़ी राज्यों का हाल बेहाल

**नई दिल्ली।**

पर्वतीय राज्यों में तेज वर्षा के चलते भूस्खलन होने का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में इस कारण आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। वहीं उत्तराखड में लगातार वर्षा के कारण चारधाम यात्रा भी बाधित हो रही है। रुद्रप्रयाग के मुनकटिया में सोमवार सुबह भूस्खलन के कारण गौरीकुंड हाईवे पांच घंटे तक अवरुद्ध रहने से केदारनाथ धाम जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब दस बजे केदारनाथ यात्रियों को धाम के लिए रवाना किया जा सका। बदरीनाथ हाईवे भी सिरोबगड़ में भूस्खलन होने से लगभग तीन घंटे अवरुद्ध रहा। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे के ओजरी में बेली ब्रिज निर्माण का काम जारी है। आठ दिनों से यमुनोत्री धाम की यात्रा स्थगित है। मानसून की सक्रियता से गौरीकुंड हाईवे और केदारनाथ पैदल मार्ग पर सफर खतरनाक हो गया है। गौरीकुंड हाईवे पर सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक पांच किमी क्षेत्र में कई स्थानों पर पहाड़ से भूस्खलन हो रहा है। इससे हाईवे पर लगातार मलबा और पत्थर गिर रहे हैं। रविवार रात मुनकटिया व शटल पार्किंग के पास बड़ी मात्रा में मलबा और पत्थर आने से हाईवे अवरुद्ध हो गया।



## 'वोटर आईडी वेरिफिकेशन को लेकर खरगे का दावा झूठा'

**नई दिल्ली।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची पर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। इसी बीच चुनाव आयोग ने ऑनलाइन वोटर लिस्ट के लिए आवेदन करने को लेकर दिशा निर्देश जारी की है। आयोग ने बारकोड जारी कर सीधे ऑनलाइन फॉर्म भरने का अनुरोध भी मतदाताओं से किया है। हालांकि, चुनाव आयोग के फैसले से कांग्रेस सहित विपक्षी दल काफी नाराज दिख रहे हैं। रविवार को चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण के फैसले पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आपत्ति जाहिर की थी। उन्होंने इस फैसले के पीछे भाजपा की साजिश बताई है। गौरतलब है कि खरगे के पोस्ट को चुनाव आयोग ने झूठा और भ्रामक बताया है। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया था कि भारत के निर्वाचन आयोग ने मतदाता सत्यापन की प्रक्रिया में संशोधन करते हुए दस्तावेज मांगे जाने के स्थान पर बिना किसी दस्तावेज के केवल फॉर्म भरने की प्रक्रिया लागू कर दी है।

## || सार संक्षेप

### महाकुंभ से प्रेरित है पुरी रथयात्रा मेगा किचन


**पुरी।**

प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों ने धार्मिक नगरी पुरी में भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध पवित्र रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधाओं को सहज बनाने की राह दिखाई दी है। इसका विशिष्ट पहलू यह है कि करीब दो हफ्ते तक रोजाना लाखों की संख्या में देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद उपलब्ध कराया जा रहा है। रथयात्रा के दौरान पुरी में इस समय सबसे चर्चित "मेगा किचन" श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहां करीब एक लाख लोगों को प्रति दिन निशुल्क भोजन प्रसाद सेवा प्रदान की जा रही है। महाकुंभ में भोजन सेवा का



सफल प्रयोग करने वाले सांस्कृतिक संगठन इस्कॉन यहां भी इस मेगा किचन को अदाणी समूह के संपूर्ण सहयोग से संचालित कर रहा है। मेगा किचन का यह प्रसाद केवल श्रद्धालुओं को ही नहीं प्रति दिन करीब सात हजार पुलिस कर्मियों को तीनों वक्त का नाश्ता-भोजन यहीं से उपलब्ध कराया जा रहा है।

### हैदराबाद से मोहाली पहुंची इंडिगो की फ्लाइट को मिली बम से उड़ाने की धमकी




**चंडीगढ़।**

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब फ्लाइट के लैंड होने के बाद इसकी सफाई की जा रही थी। इंडिगो के इंटर ग्लोबल एविएशन लिमिटेड के सिक्योरिटी मैनेजर मनमोहन सिंह ने एयरपोर्ट थाने को इसकी सूचना दी। शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट मोहाली में हैदराबाद से पहुंची इंडिगो की फ्लाइट को 5 जुलाई को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिला था। इस पत्र के मिलने के बाद एयरपोर्ट पर सनसनी फैल गई। यह पत्र इंडिगो फ्लाइट के शौचालय में पड़ा था। एक टिश्यू पेपर पर फ्लाइट को बम से उड़ाने की बात लिखी हुई थी। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब फ्लाइट के लैंड होने के बाद इसकी सफाई की जा रही थी। इंडिगो के इंटर ग्लोबल एविएशन लिमिटेड के सिक्योरिटी मैनेजर मनमोहन सिंह ने एयरपोर्ट थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद सिक्योरिटी मैनेजर मनमोहन सिंह के बयान पर एयरपोर्ट थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## अमरकंटक घूम कर आ रहे पति-पत्नी और बच्चे, तेज बहाव में बह गई कार



**अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय से राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग स्टेट हाईवे मार्ग में औढ़ेरा पंचायत अंतर्गत सजहा वेयरहाउस के पास रविवार रात करीब 9 बजे एक युवक पत्नी और तो बच्चों के साथ अमरकंटक घूम कर जब अनूपपुर की तरफ निजी कार से जा रहा था तो उसकी कार नाले के तेज बाढ़ के पानी में कार के नाले में गिर गई और से पूरा परिवार बह गया था। रात को ही कार में सवार महिला का शव बकान नदी में मिल गया था, लेकिन महिला का पति और उसके दोनों बच्चे नहीं मिल सके थे।

## ट्रंप ने जापान और दक्षिण कोरिया को दिया झटका

# अमेरिका एक अगस्त से लगाएगा 25% टैरिफ

**नई दिल्ली।**

टैरिफ लागू करने के फैसले को टालने की समयसीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ से जुड़े पत्र जारी करने का सिलसिला शुरू किया। जापान और कोरिया को चेतावनी के साथ सबसे पहले पत्र मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को दक्षिण कोरिया और जापान से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एलान किया कि टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। दक्षिण कोरिया और जापान पर सबसे पहले यह टैरिफ लागे होगा। ट्रंप ने जापानी प्रधानमंत्री इशिबा शिगेरू और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे-



म्यांग को भेजे गए पत्रों के स्क्रीनशॉट साझा किए। इसमें उन्होंने टैरिफ दरों के नए सेट को लागू करने के अपने कदम के बारे में उन्हें बताया। ट्रंप इस बात पर जोर दिया कि ये दरें अमेरिका और उनके बीच व्यापार घाटे को खत्म करने के लिए आवश्यक दरों से काफी कम हैं। पत्रों में दोनों देशों को चेतावनी दी गई कि वे अपने आयात करों में वृद्धि करके जवाबी कार्रवाई न करें, वरना ट्रंप प्रशासन आयात करों में बढ़ोतरी करेगा, जिससे जापान और दक्षिण कोरिया के ऑटो और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों को नुकसान पहुंच सकता है। चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए जापान और दक्षिण कोरिया ही अमेरिका के दो महत्वपूर्ण भागीदार हैं। ट्रंप ने पत्रों में लिखा, 'यदि किसी भी कारण से आप अपने टैरिफ बढ़ाने का फैसला करते हैं, तो आप उन्हें बढ़ाने के लिए जो भी संख्या चुनते हैं, वह हमारी ओर से लगाए जाने वाले 25 प्रतिशत में जोड़ दी जाएगी।' इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ 1 अगस्त से प्रभावी होने की बात कही गई थी। यह भारत सहित कई देशों के साथ व्यापार वार्ता के तेज होने के बीच एक अस्थायी राहत की तरह है। इससे पहले अमेरिकी टैरिफ 9 जुलाई से प्रभावी होने वाले थे।

## किसानों के लिए आ गई बड़ी खबर

# जल्द खुलेगा 'फसल औषधि केंद्र' शिवराज सिंह ने बताया पूरा प्लान



**नई दिल्ली।**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 96वीं वार्षिक आम बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में आए सुझाव के आधार पर कृषि विकास की रणनीति बनेगी। अमानक बीज, खाद, कीटनाशक एवं उर्वरक गंभीर विषय है, जिसे लेकर सरकार जल्द कड़ा कानूनी प्रविधान लाएगी। उर्वरकों के मूल्य पर भी काम करने की जरूरत है। सही कीमत तय होनी चाहिए। शिवराज ने जन औषधि केंद्र की तरह फसल औषधि केंद्र खोलने की बात कही। उन्होंने किसानों की उपयोगिता और मांग आधारित शोध की जरूरत पर जोर दिया। बैठक में आइसीएआर की वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई। साथ ही कृषि से संबंधित चार पुस्तकों का विमोचन किया गया। इस दौरान राज्यों के कृषि मंत्री एवं अधिकारी भी मौजूद थे। सबने भविष्य में खेती और किसान समृद्धि के लिए एकजुट होकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। शिवराज ने कहा कि सोयाबीन, दलहन, तिलहन में अधिक शोध एवं काम करना होगा। गेहूं, चावल एवं मक्के के साथ अन्य फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए काम करना है।

> इसके लिए राज्यवार एवं फसलवार योजना बनाई जाएगी। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसका भी निरीक्षण किया जाएगा। शिवराज ने कहा कि कृषि राज्य का विषय है। केंद्र को उनके साथ ही मिलकर काम करना होगा। राज्यों के सहयोग के बिना कृषि की उन्नति के प्रयास अधूरे हैं। खाद्यान्न के मामले में भारत रिकॉर्ड कायम कर रहा है। अन्न के भंडार भर रहे हैं। कभी हम अनाज आयात करते थे। आज निर्यात कर रहे हैं।

## एकनाथ शिंदे के खिलाफ टिप्पणी का मामला

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल की विशेषाधिकार समिति ने उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के खिलाफ टिप्पणी के लिए स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। भाजपा एमएलसी प्रसाद लाड की अध्यक्षता वाली समिति ने कामरा के साथ ही शिवसेना (यूबीटी) की नेता सुषमा अंधारे को भी नोटिस जारी करने का फैसला किया है।'दो दिनों में नोटिस जारी किया जाएगा।

## बाबा सिद्दीकी का मोबाइल नंबर एक्टिव करने की हुई कोशिश

**मुंबई।**

राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके मोबाइल नंबर को फिर से एक्टिव करने की कोशिश की गई। बाबा सिद्दीकी का यह नंबर उनके पारिवारिक व्यवसाय रियल एस्टेट फर्म से जुड़ा था। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी की ओर से जब सत्यापन के लिए बाबा सिद्दीकी की पत्नी के नाम पर ईमेल आया तो मामला उजागर हुआ। बाबा सिद्दीकी की बेटी अर्शिया सिद्दीकी की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने दिल्ली से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने



आया कि साइबर ठगी करने के लिए आरोपित नंबर एक्टिव कराने की कोशिश कर रहा था। मामले में बांद्रा पुलिस ने दिल्ली के बुराड़ी इलाके से आरोपित विवेक साबरवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस युवक को पूछताछ के लिए मुंबई लेकर आइ। पुलिस ने बताया कि साबरवाल ने बाबा सिद्दीकी के नाम पर नया सिम कार्ड प्राप्त कर नंबर को फिर से सक्रिय करने की कोशिश की। वह इस नंबर के जरिए साइबर धोखाधड़ी करना चाहता था। सबरवाल को पहले भी दिल्ली पुलिस द्वारा कई बार मृत व्यक्तियों के सिम कार्ड को फिर से सक्रिय करने के लिए गिरफ्तार किया गया है, जिनके मोबाइल नंबर उनके परिवारों द्वारा निष्क्रिय नहीं किए गए थे। पुलिस ने कहा कि आरोपित पहले भी साइबर अपराध के मामलों में शामिल रहा है।

# रामसेतु ब्रिज में तकनीकी खामियां

**अजमेर।**

अजमेर के रामसेतु ब्रिज में निर्माण संबंधी तकनीकी खामियों को लेकर दायर जनहित याचिका को कोर्ट ने सोमवार को स्वीकार करते हुए नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मामले को गंभीर मानते हुए तत्काल सुनवाई के निर्देश दिए हैं और निगम आयुक्त देशलदान को मंगलवार तक जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। याचिका एडवोकेट विवेक पाराशर के माध्यम से जनप्रतिनिधित्व वाद के रूप में दाखिल की गई थी। सुनवाई सिविल न्यायाधीश पश्चिम, मनमोहन चंदेल की अदालत में हुई। गौरतलब है कि 3 जुलाई को रामसेतु ब्रिज पर सड़क का एक हिस्सा धंस गया था, जिसके बाद इस ब्रिज की निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हुए। इस मामले को लेकर जागरूक नागरिकों जितेश धनवानी और मुकेश पुरी ने कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर दोषी अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों पर कार्रवाई की मांग की। याचिका में यह आरोप लगाया गया कि ब्रिज निर्माण में घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी की गई, जिससे कुछ ही समय में ब्रिज में गंभीर तकनीकी दोष सामने आने लगे हैं। इससे पूर्व शहरी विकास मंत्री (यूडीएच) झाबर सिंह खर्रा ने 5 जुलाई को अजमेर दौरे के दौरान रामसेतु ब्रिज का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि यदि दोष स्वीकार नहीं किए गए तो अधिकारी सरकारी कोप के भागी बनेंगे।

> सड़क धंसने की घटना बनी आधार



## संपादक की कलम से

# सनातन का चुनावी महाकुंभ

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में, कुछ दिन पहले, एक मंच सजा था, जिससे वक्फ संशोधन कानून को कूड़ेदान में फेंकने और शरिया लाओ की हुंकारें भरी गई थीं। एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया गया था। वह वैचारिक कम और राजनीतिक अधिक आयोजन था। अब उसी मैदान में भगवान परशुराम के जन्म–महोत्सव की आड़ में एक और मंच सजा है–सनातन महाकुंभ। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे थे। यदि इस मंच से सनातन धर्म पर कुछ उपदेश दिए जाते, विचार रखे जाते और सनातनियों के लिए संदेश दिए जाते, तो आयोजन को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक माना जा सकता था। जगद्गुरु रामभद्राचार्य मुख्य अध्यक्ष थे और बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री मुख्य आकर्षण थे। हालांकि बाबा ने स्पष्ट कहा कि वह राजनीति के लिए नहीं, रामनीति के लिए आए हैं। जब भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा, तो बिहार उसका पहला हिंदू–राज्य होगा। बाबा ने आह्वान किया कि बिहार के पागलो! यह गांठ बांध लो कि हमें गजवा–ए–हिंद के स्थान पर भगवा–ए–हिंद देश बनाना है। हम सब हिंदू एक हैं। हिंदुओं को जातियों में मत बांटो। बाबा ने फिर यह साफ किया कि जिस–जिस पार्टी में हिंदू हैं, हम उन सभी पार्टियों के साथ हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद बाबा पदयात्रा करेंगे। क्या बाबा बागेश्वर के कथनों और आह्वानों से स्पष्ट नहीं होता कि वह किस पार्टी के प्रचार के लिए आए थे? क्या धर्मगुरु का काम धर्म के नाम पर वोट मांगना ही रह गया है? जगद्गुरु रामभद्राचार्य बाबा बागेश्वर से बहुत आगे निकल गए। उन्होंने लालू यादव का नाम लिए बिना ही चारा घोटाले का उल्लेख किया। उन्हें भारत सरकार ने इसी वर्ष पद्मविभूषण से अलंकृत किया है। उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार भी मिला है। कथावाचकों को भी पद्म सम्मान मिलने लगा है, किसी ने यह टिप्पणी की होगी, तो जगद्गुरु ने पलटजवाब दिया–कमोबेश हम पशुओं का चारा नहीं खाते। रामभद्राचार्य ने भविष्यवाणी–सी की है कि इस बार राष्ट्र–विरोधियों, हिंदू–विरोधियों और राम–विरोधियों को सत्ता नहीं दी जाएगी। सत्ता उन्हें ही मिलेगी, जो हिंदुओं के लिए संघर्ष करेंगे, क्रांति करेंगे। रामभद्राचार्य ने लगभग हुंकार के अंदाज में यह भी कहा–जो सनातन को बांटना चाहेगा, वह स्वयं बंट जाएगा। जो काटना चाहेगा, वह स्वयं कट जाएगा। जो सनातन को मिटाना चाहेगा, वह स्वयं मिट जाएगा। हम राष्ट्र–विरोधियों का दमन करेंगे। क्या ये शब्द किसी साधु–संत के प्रतीत होते हैं? क्या ये शब्द उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान सरीखे समानार्थी नहीं हैं? जगद्गुरु विचारोत्तेजक लगे, आक्रोशित लगे। यह मुद्रा जगद्गुरु की नहीं हो सकती। भगवान परशुराम पर कुछ शब्द भी समर्पित नहीं किए गए। रामभद्राचार्य और धीरेंद्र शास्त्री के वक्तव्य राजनीतिक बिंदुओं के इर्द–गिर्द केंद्रित रहे। क्या धमार्चार्यों की भूमिका भी बिल्कुल राजनीतिक हो गई है? दोनों साधु–संत भाजपा के प्रमुख प्रचारक की भूमिका में प्रतीत हुए। लिहाजा स्पष्ट लगता है कि चुनाव हिंदू–मुसलमान ध्रुवीकरण के आधार पर लड़े जाएंगे। आयोजन में अनेक साधु–संत उपस्थित थे। मुस्लिम राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खां और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी मंच पर मौजूद थे। किसी भी वक्ता ने बिहार की गरीबी, अनपढ़ता, पिछड़ेपन, पलायन आदि बुनियादी समस्याओं पर एक भी शब्द नहीं बोला। आयोजन को महाकुंभ नाम देकर इस शब्द का अपमान किया गया। बिहार में जो जंगलराज 20 साल पहले था, कमोबेश वह आज भी मौजूद है। इसी साल अभी तक 116 कत्ल किए जा चुके हैं। बलात्कार, डकैती, फिरौती आदि अपराधों को तो भूल ही जाएं। तब मुख्यमंत्री लालू यादव या राबड़ी देवी होते थे, बीते 20 साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं। सरेआम हत्याएं आज क्यों हो रही हैं? साधु–संतों के सरोकार सामाजिक भी होते हैं। यदि उन्होंने ऐसे मुद्दे भी छुए होते, तो विचार व्यापक लगते। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने जातीय गणना का भी विरोध किया।



ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

### वो बचपन की बारिश

कविता



हवाओं के संग संग गीत गुनगुनाना,
टर – टर कर बेझिझक शोर मचाना,
बारिश में छप–छप कर दौड़ लगाना,
दोस्तों संग कागज की कश्ती बनाना ।

स्कूल नहीं जाने का बहाना बनाना,
बारिश में भीगना तो मॉं को मनाना,
कोयल की कुहु कुहु मन में बसाना,
तितलियों को हाथ में पकड़ दूर उड़ाना ।


गड्ढे में थोड़ा जोर से उछल–कूद जाना,
टिप–टिप बूंदों को हथेलियों में सजाना,
हाथ पकड़ दोस्तों का रेलगाड़ी बनाना,
इंजन बन डिब्बों संग सीटी तेज बजाना ।

पंछियों के पीछे–पीछे लम्बी दौड़ लगाना,
मिट्टी सने कपड़ों में चुपचाप घर जाना,
बाबा के पीछे छुप धीरे से भाग जाना,
उटपटांग हरकतों से सबको हँसाना ।

गुजरा वो सुनहरा बचपन का जमाना,
अपनी मौज थी अलग ही था फसाना,
बेशकीमती ₹आनंद₹ जीवन का खजाना,
लौट कर फिर से आने वाला कभी ना ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।




# न्यायालय में निर्णायक मोड़ लेता श्रीकृष्ण जन्मभूमि मसला

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने 1968 में शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के साथ दस बिंदुओं पर बिना किसी अधिकार के समझौता किया था। 13.37 एकड़ भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर है। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना घोषित करने की हिंदू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में अदालती रिकॉर्ड और आगे की सभी कार्यवाहियों में मस्जिद को आधिकारिक रूप से विवादित स्थल के रूप में दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने मौखिक रूप से याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में हिंदू पक्ष द्वारा दायर आवेदन को ह्लइस चरण मेंह्व खारिज किया जा रहा है। इस फैसले को लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई में मुस्लिम पक्षकार भले ही राहतकारी माने, लेकिन न्यायिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक अस्मिता के संघर्ष में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह भूमि विवाद पर जो भी फैसला अंतिम रूप से आएगा, वह बहुत प्रभावी होगा, न्यायसंगत होगा। अतः ऐसे किसी पुख्ता फैसले तक पहुंचते हुए पूरी सावधानी एवं धैर्य से आगे बढ़ना चाहिए। इस फैसले से इस विवाद में एक नया रुख सामने आया है, जो महत्वपूर्ण और विचारणीय है। याचिका में यह मांग की शाही ईदगाह मस्जिद शब्द की जगह विवादित ढांचा शब्द का इस्तेमाल किया जाए, अगर यह शाब्दिक बदलाव किया जाता, तो एक तरह से यह इस विवाद पर निर्णायक फैसले जैसा होता। जिससे अनावश्यक विवाद या अड़चन की संभावनाएं पनपती। यह विवाद राजनीति मोड़ भी ले सकता था, निश्चित ही अगर राजनीति होगी, तो अंतिम फैसले में अनावश्यक रूप से समय लगेगा। साथ ही, अशांति की आशंका भी बढ़ेगी। इसलिये अदालत के फैसले को सकारात्मक नजरिये से देखा जाना चाहिए। नए नामकरण की यह कोशिश उच्च न्यायालय में अगर नाकाम हुई है, तो कोई अचरज नहीं, ना ही किसी पक्ष की जीत और किसी पक्ष की हार है। इतने संवेदनशील मसले में यह नामकरण पूरे मुकदमे को प्रभावित करता, अतः

> औरंगजेब द्वारा मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का स्पष्ट उल्लेख फारसी शिलालेखों व इतिहासकारों की रचनाओं में भी मिलता है। पूजा स्थल अधिनियम–1991 का कानून 15 अगस्त 1947 की स्थिति को बनाए रखने की बात करता है, परंतु श्रीकृष्ण जन्मभूमि एक जीवित और सतत पूजा स्थल है, और इसमें अपवाद की आवश्यकता है जैसा अयोध्या मामले में देखा गया। यह विवाद केवल एक कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक न्याय की मांग भी है। यह मसला न्यायपालिका से निष्पक्ष न्याय की अपेक्षा इसलिये भी करता है कि यह अधिसंख्य जनभावनाओं, ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक अस्मिता से जुड़ा हुआ है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद अब केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि न्याय और आस्था के संतुलन की कसौटी बन चुका है। जैसे अयोध्या में शताब्दियों के संघर्ष के बाद न्याय की विजय हुई, वैसे ही मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि को भी न्याय की प्रतीक्षा है। न्यायालय का नया दृष्टिकोण एक आशा की किरण बनकर उभरा है, जो भविष्य में ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

अदालत ने समझदारीपूर्ण सही फैसला किया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि का स्थान न केवल करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास का अमिट प्रतीक भी है। परंतु, इसी पवित्र स्थल पर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के साथ एक लंबे समय से विवाद चला आ रहा है जो अब न्यायालय की चौखट पर निर्णायक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। जन्मभूमि पक्ष के याचिकाकताओं का यह दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान पर स्थित है, अतः जन्मभूमि पक्ष को भूमि पर कब्जा दिया जाए। मस्जिद के ढांचे को हटाया जाए, मूल मंदिर का निर्माण हो, वहां मुस्लिम मजहबी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। इन्हीं मांगों के साथ जन्मभूमि पक्ष की ओर से करीब 18 मुकदमे दायर हैं। इनकी सुनवाई यथावत जारी रहेगी। नामकरण संबंधी आवेदन के खारिज होने का कोई असर मूल मुकदमों पर नहीं पड़ेगा। अब दोनों ही पक्षों को पूरे संयम का परिचय देना चाहिए। अदालत का ताजा रुख न किसी के लिए बड़ी हार है और न किसी के लिए बड़ी जीत। महत्वपूर्ण बात यह है कि जन्मभूमि के पक्ष में दायर याचिकाओं को अदालत ने सुनने लायक माना है। पहले इन याचिकाओं को ईदगाह पक्ष ने चुनौती दी थी, पर अदालत ने चुनौतियों को खारिज कर दिया था। पिछले वर्ष 1 अगस्त को उच्च न्यायालय ने वक्फ अधिनियम, पूजा स्थल अधिनियम, 1991 और अन्य कानूनों के आधार पर ईदगाह पक्ष की आपत्तियों को खारिज करते हुए जन्मभूमि पक्ष द्वारा दायर याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। अब जब सुनवाई आगे बढ़ गई है, तब ऐसी सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुस्लिम कब्जे से मुक्त हो और वहां मन्दिर के निर्माण का स्वप्न आकार ले। हिंदू याचिकाकताओं ने तर्क दिया कि मस्जिद की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के प्रतीक और रूपांकन अभी भी दिखाई देते हैं। उन्होंने आगे तर्क दिया कि केवल अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने से स्वामित्व स्थापित नहीं होता है और उन्होंने अयोध्या विवाद के साथ समानताएं बताईं। अब जब नामकरण या नाम परिवर्तन की कोशिशों पर अदालत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, तब जन्मभूमि पक्ष को छोटे-छोटे फैसले कराने की कोशिश करने के बजाय बड़े फैसले तक पहुंचने की तैयारी एवं जल्दी दिखानी चाहिए, यह विवाद जितनी जल्दी सुलझ जाए, उतना अच्छा है। श्रीराम मन्दिर-अयोध्या की तरह श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराकर वहां भव्य मन्दिर निर्माण की ओर सारा ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। देर भले ही लगे लेकिन अदालत का फैसला श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में आना है, क्योंकि इस विवाद में जन्मभूमि पक्ष में पर्याप्त दस्तावेज या सुबूत मौजूद हैं, जिनका अदालत में परीक्षण होना है। निस्संदेह, पूरे परीक्षण और विचार के बाद ही कोई फैसला आएगा। लेकिन इस फैसले की दिशाएं मथुरा को पुराणों, महाकाव्यों और ऐतिहासिक अभिलेखों में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के रूप में वर्णित उद्धरणों एवं साक्ष्यों से स्पष्ट है। 17वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बने मंदिर को ध्वस्त करके वहां शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया गया। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के अनुसार, यह मस्जिद मंदिर को ध्वस्त करने उसके अवशेषों पर ही बनाई गई थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने 1968 में शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के साथ दस बिंदुओं पर बिना किसी अधिकार के समझौता किया था। 13.37 एकड़ भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर है। जब भूमि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ के नाम पर थी ही नहीं तो उसके द्वारा समझौता कैसे किया जा सकता है? 2020 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति याचिका के माध्यम से फिर से यह मुद्दा न्यायालय में आया। याचिका में यह दावा किया गया कि 13.37 एकड़ भूमि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली है और वहां मौजूद ईदगाह मस्जिद अवैध है। साथ ही, 1951 का समझौता भी अवैध, असंवैधानिक और शून्य घोषित किए जाने की मांग की गई। 2023 से इलाहाबाद उच्च न्यायालय और मथुरा की जिला अदालतों ने इस मामले को गंभीरता से लेना शुरू किया। अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भूमि की वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी, जैसा श्रीरामजन्मभूमि मामले में हुआ था। अदालत ने 1951 के समझौते की वैधता पर सवाल उठाए हैं क्योंकि कटरा केशवदेव ट्रस्ट को जन्मभूमि का संप्रभु प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता था।

जन्मभूमि पक्ष की याचिकाओं को प्रारंभिक दौर में ही खारिज करने से इनकार किया गया और मुकदमे की सुनवाई की अनुमति दी गई। करोड़ों हिंदुओं की आस्था एवं ऐतिहासिकता है कि वर्तमान ईदगाह मस्जिद के नीचे श्रीकृष्ण का वास्तविक जन्मस्थान है। पुरातात्विक साक्ष्य भी मंदिर के अवशेषों की पुष्टि करते हैं।

# जुलाई में फैमिली संग घूमने के लिए बेस्ट हैं ये जगहें, रोमांच से भरपूर होगी ट्रिप

अगर आप भी जुलाई के महीने में किसी ऐसी जगह पर जाना चाहते हैं, जहां पर ठंडी हवाएं, खूबसूरत नजारे, एडवेंचर और सुकून भरी छुट्टियां मिल सकें। तो हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको ठंडा मौसम, खूबसूरत नजारे, सुकून और एडवेंचर एक साथ मिल जाएगा।

बारिश का मौसम न सिर्फ उमस भरी गर्मी से राहत मिलती है, बल्कि प्रकृति की खूबसूरती को भी कई गुना बढ़ा देती है। बारिश की बूंदे जब भी धरती पर पड़ती हैं, तो भारत की कई जगहें जन्नत जैसी लगती हैं। जुलाई का महीना घूमने के शौकीन लोगों के लिए काफी खास होता है। यह मानसून का महीना होता है, जिसमें बारिश के हल्की फुहारें आपको भिगो देती हैं। साथ ही गर्मी से भी राहत दिला सकती हैं। अगर आप भी जुलाई के महीने में किसी ऐसी जगह पर जाना चाहते हैं, जहां पर ठंडी हवाएं, खूबसूरत नजारे, एडवेंचर और सुकून भरी छुट्टियां मिल सकें। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको ठंडा मौसम, खूबसूरत नजारे, सुकून और एडवेंचर एक साथ मिल जाएगा।




**माउंट आबू, राजस्थानः** अगर आप रेगिस्तान में हरियाली देखना चाहते हैं, तो आपको यहां के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू जाना चाहिए। जुलाई के महीने में यहां की हरियाली और ठंडा मौसम इस जगह को आकर्षक बनाता है। यहां पर आप नक्की झील में नौकाविहार का लुत्फ उठा सकते हैं। गुरु शिखर से आश्चर्यजनक नजारे और दिलवाड़ा मंदिरों की सुंदरता को निहार सकते हैं। माउंट आबू में आप बोटिंग, ट्रेकिंग और फोटोग्राफी कर सकते हैं। वहीं शाम के समय आप झील के किनारे बेहतरीन समय बिता सकते हैं।

**महाबलेश्वर, महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र में सह्याद्रि की पहाड़ियों में बसा महाबलेश्वर बारिश के मौसम में हरियाली और बादलों से घिरा रहता है। यहां के वॉटरफॉल्स, घाटियां और व्यू पॉइंट्स आपका मन मोह लेंगे। सफर के दौरान आपको प्रतापगढ़ किले की ट्रेकिंग, लिंगमाला झरना और वेन्ना लेक की सवारी आपके अनुभव को बेस्ट बना देगा।


**चेरापूंजी, मेघालयः** भारत की सबसे ज्यादा बारिश वाली जगहों में चेरापूंजी का नाम आता है। जुलाई में चेरापूंजी की खूबसूरती देखने लायक होती है। मेघालय की इस खूबसूरत जगह पर बारिश भी अद्भुत बन जाती है। यहां की गुफाएं, लिविंग रूट ब्रिज और झरने आपके सफर में रोमांच को भर देते हैं। चेरापूंजी में आप नोहकलिकाई झरना और उमशियांग रूट ब्रिज घूम सकते हैं।

**स्पीति वैली, हिमाचलः** जुलाई के महीने में जब बर्फ पिघल चुकी होती है, तो हिमाचल प्रदेश की स्पीति वैली एक नए रूप में दिखती है। यहां के मठ, रोड ट्रिप एडवेंचर और लामा संस्कृति आपको एक अलग एहसास दिलाएंगी। अगर आप रोमांच, शांति और सुकून पाने की चाहत रखते हैं, तो आपको जुलाई में स्पीति वैली जरूर जाना चाहिए। स्पीति वैली में मठ और चंद्रताल झील कैंपिंग काफी फेमस है।

**वायनाड, केरलः** मानसून का सबसे सुंदर नजारा हरियाली के बीच अधिक देखने को मिलता है। हरी-भरी मसालों की घाटी की सैर के लिए आप केरल के वायनाड की ट्रिप प्लान कर सकते हैं। मानसून में केरल की यह जगह सपनों की दुनिया जैसी लगती है। वायनाड के वॉटरफॉल्स, कॉफी एस्टेट्स और ट्रेक्स मानसून को वाकई जादुई बना देते हैं। यहां पर घूमने के लिहाज से कई शानदार जगहें हैं। आप वायनाड में मीनमुट्टी वॉटरफॉल और एडक्कल गुफाएं आदि देख सकते हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा संगठन मंत्री की माता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे बिजनौर





**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्य नाथ जी अपराह्न 3-15 बजे उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता जी स्वर्गीय भगवती देवी के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए उनके आवास गांव हूरनंगला, तहसील नगीना, जिला बिजनौर पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम स्वर्गीय भगवती देवी के चित्र पर फूल अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और धर्मपाल सिंह के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सांसद मेरठ अरूण गोविल, प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल, एमएलसी अशोक कटारिया, सांसद बिजनौर चंदन चौहान, मेयर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, विधायक बिजनौर सूची चौधरी, नहटौर विधायक ओम कुमार, धामपुर विधायक अशोक राणा, बढ़ापुर विधायक, सुशांत सिंह, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह, डीआईजी मुनिराम, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा एवं जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सांसद, मंत्रीगण और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने पहुंची कैंट बोर्ड की टीम, भवन स्वामी ने कहा नक्शा पास

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** बंगला नंबर 240 में अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने पहुंची कैंट बोर्ड की टीम मिली जानकारी के अनुसार धर्म कांटे की दुसरी गली भवन संख्या 240/17 में गुप-चुप तरीके से अवैध निर्माण किया जा रहा था जिसकी शिकायत सर्किल सुपरवाइजर द्वारा विभाग को फोटो सहित दी गई थी सोमवार को कैंट बोर्ड के आधार दर्जन कर्मचारी अवैध निर्माण को ध्वस्त करने पहुंचे कैंट बोर्ड की टीम को देख अवैध निर्माण कताओं में अफरातफरी मच गई, जानकारी के अनुसार भवन स्वामी व अन्य ने इस कार्रवाई का विरोध किया और बताया इस भवन का 1970 में नक्शा कैंट बोर्ड से स्वीकृति मिली हुई है साथ ही उन्होंने कहा नया नक्शा पास कराए जाने को लेकर कैंट बोर्ड में आवेदन किया हुआ है। उन्होंने कहा कैंट एक्ट के नियमानुसार निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कैंट बोर्ड टीम बिना कार्रवाई किए वापस लौट गई। भवन स्वामी के वालिद एम आई खान ने बताया सर्वे नंबर 93/240 क्रम संख्या 301 भवन का हाउस टैक्स उनके पुत्र हैदर इब्राहिम खान और अजर फराज के नाम से आ रहा उन्होंने इस प्रापर्टी को संतोष पत्नी बाबूलाल से 2023 में खरीदी है उनके द्वारा नया नक्शा स्वीकृति के लिए छः माह पूर्व कैंट बोर्ड में आवेदन किया हुआ है।

# शराब की दुकान से नगदी ले उड़े चोर, सीसीटीवी में आए दो किशोर



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के मंडावर शराब की दुकान कि खिड़की तोड़ नगदी लेकर दो चोर हुए फरार सीसीटीवी में हुए कैद , दुकान स्वामी ने दी तहरीर गांव मोहम्मदपुर देवमल में स्थित देसी शराब की दुकान से किशोरों ने पच्चीस हजार रुपए चुरा लिए प्राप्त जानकारी के अनुसार सेल्समैन राजकुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि दो किशोरों ने दुकान में लगी कैंटिंग की खिड़की से अंदर घुसकर गल्ले से 25000 रुपए साफ कर दिए । दोनों किशोर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए। वही थाना प्रभारी राजकुमार सरोज ने बताया कि शराब की दुकान से चोरी की घटना संज्ञान में है सीसीटीवी की जांच कराई जा रही है, आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आसपास के इलाकों में भी छानबीन शुरू कर दी है।

# रामपुर में राष्ट्रीय लोकदल इतना मजबूत हो जाएगी कोई पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का मुकाबला नहीं करेगी उस्मान बबलू

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने ग्राम पंचायत लालपुर तहसील टांडा में पहुंचकर चौधरी चरण सिंह चौधरी अजीत सिंह और चौधरी जयंत सिंह जी की नीतियों को बता कर राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में अल्पसंख्यक समाज को ज्यादा से ज्यादा सदस्यता ग्रहण कराई प्रदेश महासचिव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल माननीय चौधरी जयंत सिंह जी के निर्देश पर 6 महीने चलने वाले सदस्यता अभियान को लेकर जनपद रामपुर का राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दिल नवाज खान प्रदेश महासचिव संगठन प्रदेश प्रवक्ता आतिर रिजवी जी के निर्देश पर गांव-गांव जाकर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूत किया जा रहा है आने वाले दिनों में जनपद रामपुर में राष्ट्रीय लोकदल इतना मजबूत हो जाएगा कोई पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का मुकाबला नहीं करेगी आगामी पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भी राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कमर कस रहा है अगर हम मजबूत होंगे तो राष्ट्रीय नेता जनपद रामपुर में हमें विधानसभा की सीट देंगे सीट को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा और जनपद रामपुर से राष्ट्रीय लोक दल को एक सीट देने का कार्य राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ करेगा प्रदेश महासचिव ने कहा कि मैं पूर्व जिला अध्यक्ष भी रहा हूं पार्टी को मैंने अपना पूरा टाइम दिया है और आगे भी तन मन धन से पार्टी को मजबूत करने का काम करूंगा सदस्यता ग्रहण करने वालों में हाफिज अरशद अली हाफिज फैजान मोहम्मद अली जमाल अहमद अमल तुर्की मौसम दादा शकील सैफी मंजू खान शबाब खान महफूज खान आदि लोग मौजूद रहे ।

# रामपुर की डूबी हुई सड़कों पर बहती 'आम आदमी पार्टी' की नैतिकता उमेश दुबे

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** आम आदमी पार्टी के नेता ने हाल ही में नगर पालिका चेयरपर्सन श्रीमती सना मामून पर हमला बोलते हुए कहा कि ?हमें अफसोस है कि रामपुर को अच्छा चेयरमैन नहीं दे पाए।

यह पछतावा सुनकर जनता को शायद तीन साल पुरानी वो पहली बारिश याद आ गई होगी, जब सना मामून के कार्यकाल की शुरूआत होते ही पानी घरों में घुस आया था। हालात बदले नहीं गली-मोहल्ले गटर में, घर घुटनों तक पानी में। लेकिन तब आप नेता नदारद थे। नगर पालिका ने सैकड़ों दुकानें तोड़ दीं, टैक्स के नाम पर छोटे व्यापारियों को निचोड़ डाला। आम आदमी पार्टी नेताओं ने रस्म अदायगी से आगे कुछ नहीं किया बस आश्वासन, और फिर चुप्पी।आज जब सोशल मीडिया से लेकर गलियों तक विरोध की आवाज गूंज रही है, तब अपने घटते राजनीतिक प्रभाव से घबराकर आप नेता चेयरमैन पर हमला कर रहे हैं। लेकिन जनता जानती है कि ?रंगे सियार को शेर बताकर वोट मांगने वालों के चेहरे अब बेनकाब हो चुके हैं। रामपुर अब न बहकावे में आएगा, न बहानों से रुकेगा। अब जवाब माँगा जाएगा—साफ, सीधा और सच्चा।

# इमामे हुसैन की कर्बला में हुई शहादत को याद किया गया इसी दौरान एक मजलिस का आगाज किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के थाना मंडावली के ग्राम जटपुरा बोंडा में आज 10 मोहर्रम का जुलूस अपनी रिवायत के अनुसार शांतिपूर्वक सभी धर्म के सहयोग से निकाला गया इस जुलूस में इमामे हुसैन की कर्बला में हुई शहादत को याद किया गया इसी दौरान एक मजलिस का आगाज किया गया जिस मस्जिद को किताब फरमा रहे मौलाना शोएब रिजवी बरखानवी ने कहां इमामे हुसैन दीन को बचाने के लिए कर्बला में कुर्बानियां दी मजलिस के बाद सोगवारों ने नोहा खानी करते हुए जुलूस को आगे बढ़ाया और इसी दौरान जंजीर जनी का मातम बरपा क्या गया सभी सोगवार ने अपने आप को लहू लोहान कर लिया छोटे-छोटे बच्चे आलम लिए आगे आगे चल रहे थे इसी दौरान मौलाना बिलाल मिर्जा शकनी ने खीताब करते हुए फरमाया के रसूल के नवासे इमामे हुसैन ने आलम ए इंसानियत को जिंदगी गुजारने का सलीका अता किया यजीद ताकत को ही हक समझता था जबकि इमामे हुसैन ने हक और दीन को बचाने के लिए अपने सभी साथियों को कुर्बान कर दिया था और ये जुलूस मरहूम शमीम हैदर के मकान से होता हुआ हरिद्वार रोड के निकट जटपुरा खास इमाम बारगाह में सम्पन्न हुआ सुरक्षा के मद्देनजर मंडावली पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा जिसमें मर्सिया खानी में शामिल हुए कासिम, कामिल, अमिल, ने की और नोहा खानी शाबान अली , मोहम्मद आलम ने पेश की और इसमें मुन्तजिम शमशेर, अली रजा, पप्पू आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 15 वर्षीय उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को 112 पुलिस ने उपचार के लिए यहां सीएचसी पहुंचा चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज।

परिवार में कोहराम मचा आजाद कॉलोनी लाइन पार निकट मंडी समिति निवासी आशीष कुमार पुत्र मुन्नू 21 वर्ष अपने 15 वर्षीय दोस्त अनुज कुमार पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम रहमापुर को साथ लेकर ट्रैक्टर में यूटर लगा कर खेत में मुंजी लगा लगाने जा रहा था जब वह हरगांव चांदन से नेशनल हाईवे फोर लाइन पर चल रहा था तभी अनियंत्रित होकर ऊपर से नीचे को कले बदी खाता हुआ खड में जा गिरा जिसमें दबकर आशीष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी अनुज कुमार दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। 112 पुलिस ने घायल को उपचार के लिए यहां सीएचसी पहुंचा जहां से चिकित्सा ने घायल को चिंता जनक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में कर लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशीष के शव को देखकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

# आर्म्स एक्ट के एक अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व एक हजार के अर्थदंड की सजा

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



हाथरस। अवगत कराना है कि थाना कोतवाली नगर पर आर्म्स एक्ट बनाम रविन्द्र उर्फ धारा पुत्र महेश सिंह निवासी अनैहपुर थाना गंजडुण्डवारा जनपद एटा के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था । अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु शासन के दिशा निर्देशों के क्रम में तथा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी हेतु चिन्हित अभियोगों को प्राथमिकता के आधार पर अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई तथा अभियोजन शाखा द्वारा भी प्रभावी पैरवी की गई । जिसके परिणामस्वरुप न्यायालय सीजेएम, हाथरस द्वारा अभियुक्त रविन्द्र पुत्र धारा उपरोक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है।

# उजाला ने वर्ल्ड पुलिस गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर लहराया देश का परचम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** उजाला ने अमेरिका के बिरहिंगम शहर में वर्ल्ड पुलिस गेम्स में मैराथन दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व स्तर पर देश तथा प्रदेश का नाम रोशन किया । इसी प्रतियोगिता में उजाला ने 1500 मीटर दौड़ में भी कांस्य पदक जीता रामपुर से विश्व स्तर की किसी प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली वह पहली खिलाड़ी है। रामपुर जिले के गांव किशनपुर अटारिया की छोटे से किसान भगवानदास की बेटी उजाला का खेलो का सफर तब शुरू हुआ जब वह 2012 में बमनपुरी स्टेडियम में एथलेटिक्स के कोच रणदीप सिंह के पास आई और अपनी मेहनत और कोच के दिशानिर्देशन में अपना अभ्यास शुरू किया उजाला वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में खेल कोटा के अंतर्गत अपनी सेवा दे रही है और अपने खेल को अपने प्रशिक्षक की देख रेख की निखार रही है उजाला ने नवम्बर में दिल्ली में हुई ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता था इसके अलावा रांची मैराथन , पी एन बी मैराथन दिल्ली , हैदराबाद मैराथन तथा नेशनल क्रॉस कंट्री दौड़ में भी उजाला पदक जीत चुकी है उजाला ने बताया कि विश्व स्तर पर देश का प्रतिनिधत्व करना गर्व की बात है और आगे आने वाले समय में और बड़ी प्रतियोगिता में पदक जीत कर देश तथा प्रदेश और अपने शहर का नाम रोशन करना चाहती हैं अभी उजाला अमेरिका में ही है घर पर वापस आने का सभी खेल प्रेमियों तथा घर वालों को बेसब्री से इंतजार है । रामपुर एथलेटिक्स संघ के सचिव श्री फरहत अली खान ,कोच एथलेटिक्स रणदीप सिंह, डॉक्टर मुजाहिद अली ,जिशान अली आदि सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी और उनके स्वागत की तैयारी में है।



# अधिक व्स्तम तिराहे पर तीन वाहनों में हुई टक्कर, तीनों वाहनों के ड्राइवर मामूली रूप से हुए घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद थाना क्षेत्र का है जहां पर जलालाबाद चौकी अंतर्गत नजीबाबाद से बिजनौर रोड पर देव फिलिंग पेट्रोल पंप के सामने तीन वाहनों में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। टक्कर आज सुबह 8:30 बजे के लगभग हुई, गनीमत रही की तीनों वाहनों में माल भरा हुआ नहीं था और सवारी भी नहीं बैठी हुई थी। बिजनौर रोड से कोतवाली रोड को जोड़ने वाला बाईपास तिराहा जो की 24 घंटे व्यस्त रहता है इसके बावजूद भी वहां पर कोई पुलिसकर्मी ड्यूटी पर नहीं दिखाई देता है डीसीएम टोयोटा, माल ढोने वाला पिकअप एवं मिट्टी, ईंटे ढोने वाले ट्रैक्टर के बीच टक्कर हुई है। देखा जाए तो बिना नंबर प्लेट के कुछ वाहन सड़कों पर दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं जिसमें ट्रैक्टर पर कोई नंबर प्लेट नहीं दिखाई दे रही है। इस प्रकार के कुछ वाहन अवैध रूप से हाईवे पर प्रतिदिन दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं।

लेकिन पुलिस प्रशासन ऐसे वाहनों को अनदेखा कर खुली छूट दे रखी है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। तीनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# बुंदेलखंड राष्ट्र समिति क्षेत्र की कार्यशाला हुई संपन्न

वेलकम इंडिया




**झांसी ।** बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की माँग को लेकर चल रहे जन आंदोलन को और अधिक संगठित एवं प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शुभ आशीर्वाद विवाह घर, ग्वालियर रोड, झाँसी में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में समिति की राष्ट्रीय टीम, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झाँसी महानगर इकाई और झाँसी ग्रामीण इकाई के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री यज्ञेश गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यशाला में आगामी ₹राखी भेजो झ राज्य माँगो₹ अभियान, जनजागरण यात्राओं, जिला स्तरीय कार्यशालाओं, और संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा एवं निर्णय लिए गए। ₹राखी भेजो झ राज्य माँगो₹ अभियान के अंतर्गत जुलाई-अगस्त माह में पूरे बुन्देलखण्ड क्षेत्र के छात्र-छात्राएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रक्षा सूत्र (राखी) और भावनात्मक पत्र भेजकर पृथक बुन्देलखण्ड राज्य की माँग करेंगे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री यज्ञेश गुप्ता ने कहा हर जिले, हर गाँव तक आंदोलन की लौ जलानी है। यह राखी अभियान लोगों के दिलों तक पहुँचेगा और दिल्ली तक आवाज गूंजेगी। कार्यशाला में विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि अब आंदोलन को केवल सोशल मीडिया तक नहीं, बल्कि जनता के बीच, गाँव-गाँव, पाँव-पाँव तक पहुँचाया जाएगा। मुख्य रूप से ज्ञानेश्वर कुशवाहा, रोहित परिहार, अनिल झा, रहीस मोहम्मद, इस्माइल खान, कृष्ण बिहारी तिवारी, गोविंद दास, देवेंद्र राय, हेमंत परिहार, नीरज स्वामी, लखन कुशवाहा, पुनीत अग्रवाल, देवीदास कुशवाहा, संजय बाल्मीकि, आशीष दुबे, दिलीप रैकवार, अजय कुमार, संजय अग्रवाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में हाथरस प्रदेश में अव्वल, एसपी ने दी बधाई

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** (संवाददाता) अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी आईजीआरएस जनसुनवाई-समाधान पोर्टल, जिसमें आम-जन द्वारा अपनी समस्या हेतु ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार शासन द्वारा की गयी है । जिसकी समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक माह की जाती है तथा प्रत्येक जनपद का मासिक मूल्यांकन कर प्रत्येक माह रैंकिग का निर्धारण शासन स्तर पर किया जाता है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा व अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार (नोडल अधिकारी आईजीआरएस) द्वारा आमजन की प्राप्त होने वाली शिकायतों को समस्त राजपत्रित-थाना प्रभारियों को आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने हेतु निर्दिष्ट किया गया था। ।जिसके क्रम मे शासन द्वारा संचालित आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का माह जून,2025 में प्राप्त पीजी संदर्भ, सीएम संदर्भ, ऑनलाईन एवं सीएम हैल्पलाईन संदर्भ आदि आईजीआरएस जनसुनवाई-समाधान पोर्टल पर प्राप्त हुयी शिकायतों का जनपदीय पुलिस द्वारा त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए निर्धारित समयावधि में आख्या पोर्टल पर अपलोड कराये जाने के फलस्वरूप जनपद हाथरस को उत्तर प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण से जनपद के समस्त थानों का भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस रैंकिंग में सुधार हेतु सभी क्षेत्राधिकारी गण व थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था कि सभी शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाएगा। जिसके क्रम से सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा प्रतिदिन शिकायतों का निस्तारण घटनास्थल पर जाकर किया गया । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की फोटोज लोकेशन के साथ मंगाई गई । जिससे आमजन की शिकायतों के निस्तारण त्वरित व गुणवत्तापूर्ण कराया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिसकर्मियों की शिकायतों के निस्तारण में सराहनीय कार्य करने हेतु प्रशंसा की गई तथा भविष्य में भी शिकायतों के निस्तारण त्वरित गुणवत्तापूर्ण करते रहने हेतु प्रेरित किया गया है।

# जन्मदिन के मौके पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** ऊंचागांव क्षेत्र के अमरगढ़ में स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज के प्रधानचार्य ने अपने जन्मदिन के मौके पर विभिन्न प्रकार के पौधों का पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की गंभीर होती स्थिति एवं मानव जीवन को सुखी समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए पौधारोपण का विशेष महत्व है मानव सभ्यता का उदय तथा इसका आरंभिक आश्रय भी प्रकृति अर्थात वन वृक्ष ही रहे है प्राचीन काल से एक वृक्ष सौ वृक्ष के समान कहा जाता रहा है। यदि हम चाहते है कि हमारी यह धरती भविष्य में प्रदूषण रहित रहे तथा इस पर निवास करने वाला मानव सुखी व स्वथ्य बना रहे तो हमें पेड़ पौधों की रक्षा तथा वृक्षारोपण करना अत्यंत आवश्यक है प्रधानाचार्य ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की अमरगढ़ में स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में आज मेरे साथ साथ विद्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल कुमार का भी जन्मदिन था सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजाति के वृक्ष लगाए हैं।

# .परिवार संग ऊंचागांव किला पहुंचे दिल्ली के उपराज्यपाल, किले में हुआ पारंपरिक स्वागत

प्रिंस कुमार राणा



**ऊंचागांव (बुलंदशहर)।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना सोमवार सुबह अपने निजी पारिवारिक दौरे पर बुलंदशहर के ऊंचागांव कस्बे पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार संग ऐतिहासिक ऊंचागांव किले का भ्रमण किया। किले के स्वामी आरपी सिंह ने पारंपरिक रीति से उपराज्यपाल और उनके परिजनों का स्वागत किया। भ्रमण के दौरान उपराज्यपाल ने किले के अंदर संरक्षित प्राचीन मुद्राएं, शस्त्र, दुर्लभ ग्रंथ, कलात्मक दीवारें और स्थापत्य शैली को नजदीक से देखा। उन्होंने किले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके संरक्षण से जुड़ी जानकारियां भी प्राप्त कीं। किले की भव्यता और सजीव विरासत को देखकर उपराज्यपाल ने कहा कि ऐसी धरोहरें देश की सांस्कृतिक आत्मा हैं, जिनका संज्ञान और संरक्षण दोनों जरूरी है। करीब एक घंटे तक भ्रमण के बाद उपराज्यपाल का काफिला ऊंचागांव स्थित होटल बागान रिजॉर्ट पहुंचा। वहां से वे सुबह करीब साढ़े दस बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जिलाधिकारी श्रुति शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम, और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा और प्रोटोकॉल की व्यवस्थाओं को बखूबी संभाला। स्थानीय निवासियों में उपराज्यपाल के आगमन को लेकर खासा उत्साह रहा। लोगों का मानना है कि इस तरह के उच्चस्तरीय भ्रमण से क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासतों को राष्ट्रीय पहचान मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है।

# पानी समझकर किशोर ने पिया अचार का केमिकल मौत

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर नरसेना .. थाना क्षेत्र में किशोर की मौत से कोहराम मच गया चर्चा है कि किशोर एक युवक के साथ पड़ोस के गांव में आचार लेने गया था। वहां उसने भूलवश पानी समझकर अचार डालने वाले केमिकल को पी लिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उपचार के दौरान नोएडा के अस्पताल में किशोर की मौत हो गई। वहीं परिजन इसे हार्ट अटैक बता रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चार दिन पहले थाना क्षेत्र के गांव निवासी 14 वर्षीय किशोर गांव के ही एक युवक के साथ खानपुर थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर गया था। युवक ने अमरपुर में एक दुकानदार के यहां आम का अचार डलवाया था। चर्चा है कि वहां किशोर और युवक ने अचार चखा था। अचार में मिर्च लगी जिस पर किशोर ने पास में ही एक बोतल में रखे अचार डालने वाले केमिकल को पानी समझकर पी लिया। थोड़ी देर बाद किशोर की हालत बिगड़ने लगी। परिजन किशोर को स्याना के एक अस्पताल में लेकर गए, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। मेरठ के अस्पताल में दो दिन भर्ती रहने के बाद भी किशोर की हालत में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद परिजन उसे नोएडा के निजी अस्पताल में लेकर गए। नोएडा में सोमवार को उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई। किशोर की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में किशोर का अंतिम संस्कार हुआ। वहीं मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा अमरपुर किसी काम से गया था। इस दौरान उसे हार्ट अटैक पड़ गया और उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

# किसान की बेटी जिया यादव का चयन भारतीय तैराकी टीम में ,एशियन यूथ गेम्स की बैक स्ट्रोक स्पर्धा में दिखाएगी अपना दम

वेलकम इंडिया



**झांसी।** नगर के किसान की नन्हीं जलपरी बेटी जिया यादव का चयन भारतीय यूथ स्विमिंग टीम में किया गया है ।बहरीन में 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली एशियन यूथ गेम्स में जिया ग्रुप ए कैटिगरी (15 से 17) वर्ष आयु वर्ग की 50 मी.एवं 100 मी. बैक स्ट्रोक स्पर्धा में अपना दम दिखाएंगी।

जिया यादव ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह बनाई है। गत वर्षों में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कई स्वर्ण पदक की जीत कर भारतीय टीम में जगह बनाने में कामयाब हो सकी।

बेक स्ट्रोक में महारथ रखने वाली जिया यादव ने खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से बातचीत में बताया कि वह माध्यम वर्गीय परिवार से आती हैं, उनके पिता विजय यादव हंसारी में दुग्ध डेरी का व्यवसाय कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जिया ने बताया कि झांसी में 15 मीटर के स्विमिंग पूल से ही मैंने तैराकी का शुरूआत सफर शुरू किया था,कुछ ही समय में मुझे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिला जहां मैं पदक जीत कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। यह पहला मौका होगा जब मैं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने देश का प्रतिनिधित्व करुंगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव शिवम कपूर ने मेरी प्रतिभा को देख कर नई दिल्ली में एस.एफ.आई. ग्लेनमार्क स्विमिंग अकादमी में ट्रेनिंग के लिए दाखिला कराया ।वहां मुझे राष्ट्रीय तरह की प्रशिक्षक पार्थ मजूमदार ट्रेनिंग प्रदान कर रहे हैं। उसने जब पूछा कि भारत देश का प्रतिनिधित्व करने पर कैस लग रहा है,तो जिया ने कहा देश के लिए खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है ।उन्होंने अपने माता पिता के साथ साथ सभी अपने मार्गदर्शक शुभचिंतकों का भी आभार व्यक्त किया।

# एकादशी पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन श्रद्धालुओं मे प्रसाद वितरण

**सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका सिद्धार्थनगर स्थित क्षेत्र मे बेलैहिया दुर्गा माता मन्दिर पर एकादशी के शुभ अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बेलैहिया दुर्गा सेवा समिति द्वारा लोगों मे भंडारा प्रसाद के रूप मे पूडी सब्जी और बूंदी बाटा गया सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद को ग्रहण किया। दुर्गा माता मन्दिर के पुजारी पंडित सुनील मिश्रा ने कहां की एकादशी का व्रत रखने से सभी कष्ट दूर होते हैं ।भंडारा कार्यक्रम मे शामिल दंतरगवा निवासी समाजसेवी विजय कुमार चौधरी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इस अवसर पर बेलैहिया दुर्गा मन्दिर सेवा समिति के आदि लोग उपस्थित रहे।

# रजनीश कुशवाहा नियुक्त किये गए कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष, पूर्व को पुष्पमाला पहनाकर दी विदाई

वेलकम इंडिया

**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)** श्री राम बगीची पर कुशवाहा क्षत्रिय संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की सर्वसम्मति से रजनीश कुशवाहा पूर्व चैयरमेन नगर पचायत मुरसान को श्री कुशवाहा क्षत्रिय संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। टेकपाल कुशवाहा ने कहा जो भी नव निर्वाचित अध्यक्ष चुने गए मैं उसके साथ तन-मन धन से साथ दूंगा। वही रजनीश कुशवाहा अध्यक्ष ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है अपने कार्यकाल में समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करूंगा, ताकि समाज हर क्षेत्र में भागीदारी निभा सके और ज्यादा से ज्याद सफल कार्यक्रम किये जायेंगे। समाज को डोर में बांधने का प्रयास करुंगा, समाज के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने के लिए पहल की जाएगी। बैठक में सभी पूर्व अध्यक्ष कुशवाहा समाज के राजनीतिक दलों में काम करने वाले जनप्रतिनिधियों ने कोर कमेटी बनाकर समाज को नवीन अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी और वर्तमान अध्यक्ष टेकपाल कुशवाहा सभासद व उनकी टीम को विदाई समारोह किया गया। नवीन अध्यक्ष ने सभी बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। बैठक में कोर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा, वीर बहादुर सिंह कुशवाहा,गोकुल चंद्र कुशवाहा, मूलचंद कुशवाहा, लाल बहादुर कुशवाहा, अमर सिंह कुशवाहा, भोले शंकर कुशवाहा, मानसिंह कुशवाहा,खजान सिंह कुशवाहा, विजेंद्र कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा,उमेश कातिव एवं जनप्रतिनिधि प्रेम सिंह कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष भाजपा,वीरेंद्र सिंह कुशवाहा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, हर्षकांत कुशवाहा चेयरमेन,सचेद्र कुशवाहा चेयरमेन आदि लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ रामू कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने किया।



# श्रावण मास कांवड यात्रा के दौरान सुदृढ संचार व्यवस्था स्थापित करने के दृष्टिगत परिक्षेत्रीय जनपदो को उपलब्ध कराए गए

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़ जनपद में श्रावण मास कांवड यात्रा के दौरान सुदृढ संचार व्यवस्था स्थापित करने के दृष्टिगत परिक्षेत्रीय जनपदो को उपलब्ध कराये गये संचार साधनो के सम्बन्ध में पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी के द्वारा अपर राज्य रेडियो अधिकारी विनोद कुमार सिंह के साथ परिक्षेत्रीय जनपदो में स्थापित किये गये संचार उपकरणो के सम्बन्ध में परिक्षेत्र कार्यालय पर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान आरएसआई/ रेंज कन्ट्रोल रूम प्रभारी, कांवड सैल प्रभारी उपस्थित रहे ।सभी जनपद प्रत्येक घंटे पर कांवड यात्रा की कुशलता रेंज कन्ट्रोल को नोट करायेंगे ।जनपदो के द्वारा कांवडियो से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना की सूचना तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को देते हुए रेंज कन्ट्रोल को नोट कराई जायेगी ।पूर्व से अधिष्ठापित आरटी सेटो को चैक कर सुदृढ संचार व्यवस्था स्थापित की गई है एवं थानो का कंट्रोल रूम से सीधा संचार सम्पर्क स्थापित किया गया है तथा वायरलैस बेस्ड पीए सिस्टम क्रियाशील किये गये है ।सीसीटीवी कंट्रोल रूम व यूपी 112 कन्ट्रोल रूम से सीधा सम्पर्क रहेगा ।यूपी 112 व इन्टीग्रेटेड कमांड सेन्टर का आपस में समन्वय रहेगा ।सूचना प्राप्त होने पर जोनल/ सैक्टर, चौकी का फोर्स, कांवड मोबाईल, क्यूआरटी तथा एम्बूलेंस तत्काल मौके पर भेजी जायेगी ।मोबाईल दस्ता के रूप में परिक्षेत्र के चारो जनपदो में 263 फोर व्हीलर व 288 टू व्हीलर गाडिया लगाई गई है, जिसमें जनपद मेरठ में 115 फोर व्हीलर, 55 टू व्हीलर, बुलन्दशहर में 78 फोर व्हीलर व 102 टू व्हीलर, जनपद बागपत में 48 फोर व्हीलर व 72 टू व्हीलर तथा जनपद हापुड में 22 फोर व्हीलर व 59 टू व्हीलर गाडियां लगाई गई है।

# विश्व जूनोसिस दिवस पर पशुपालन विभाग के द्वारा पशुचिकित्सालय सदर,हापुड़ पर नि:शुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण किया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के द्वारा पशुचिकित्सालय सदर, हापुड़ पर निःशुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण किया गया तथा समस्त पशुचिकित्साधिकारियों की पशुजन्य संक्रमण एवं रोग की रोकथाम नियन्त्रण हेतु कार्यशाला का आयोजन विकास भवन, हापुड़ में किया गया इस अवसर पर डा० ओ०पी० मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, हापुड़, डा०ओमवीर सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सदर हापुड़, डा० नवनीत कुमार उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गढ़मुक्तेश्वर एवं डा० अभिलाषा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, धौलाना तथा समस्त पशु चिकित्सालयों पर कार्यरत पश ुचिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि जानवरों से मनुष्य में फैलने वाली मुख्य बीमारी जैसे रेबीज, ब्रुसेल्ला आदि हैं जिनका टीकाकरण कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है।



# राशन की दुकान को लेकर खूनी संघर्ष वीडियो वायरल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर कालाबाजारी के लिए जा रहे वाहन में भरकर सरकारी राशन को पकड़ लिया। मौके पर नयाब तहसीलदार एवं सप्लाई इंस्पेक्टर ने पहुंचकर राशन को कब्जे में लिया और वाहन चालक से जानकारी जुटाई। ग्रामीण अधिकारियों की मौजूदगी में राशन डीलर की दुकान पर पहुंचे आरोप है कि राशन डीलर पक्ष ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्रामीणों पर हमला बोल दिया। मारपीट में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। मारपीट का लाइव वीडियो वायरल हो गया पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर पुलिया के समीप मलकपुर ग्राम प्रधान आरिफ ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ मिलकर बाइक नुमा रेहड़े में भरकर कालाबाजारी के लिए जा रहे सरकारी राशन सहित चालक को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने पूछताछ की तो पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम आसिफ निवासी मोहल्ला इकराम पुरा बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसने गांव मलकपुर निवासी नासिर के यहां से राशन खरीदा है ,और पूर्व में भी कई बार राशन खरीद कर ले गया है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना खाद्यान्न विभाग एवं एसडीएम कैराना को दी। मौके पर नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव, सप्लाई इंस्पेक्टर, योगेश कुमार, हल्का लेखपाल आदित्य कुमार पहुंचे और वाहन सहित राशन को अपने कब्जे में लिया। और जांच करने के लिए राशन की दुकान पर पहुंचे आरोप है कि पहले से ही घात लगाए बैठे राशन डीलर पक्ष नासिर पुत्र रफीक अपने आधा दर्जन लोगों के साथ मिलकर ग्राम प्रधान पक्ष पर लाठी डंडे एवं ईंट पत्थरों से हमला बोल दिया। मारपीट में एक पक्ष से राशिद पुत्र इकबाल एवं तसव्वर पुत्र राशीद, जनूब पुत्र साहदिन गंभीर रूप से घायल हो गए। एवं नासिर पक्ष से शेरा पुत्र रफीक व सद्दाम पुत्र नाजिम घायल हुए हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर राशिद व तसव्वर की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ अस्पताल रेफर कर दिया। अधिकारियों की मौजूदगी में हुई मारपीट का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया वायरल वीडियो में पुलिस एवं अधिकारियों की मौजूदगी में जमकर लाठी डंडे व पथराव हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है, आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।





## ठेके पर चल रही राशन की दुकान का कर रहे ग्रामीण विरोध

**कांधला।** गांव मलकपुर में लगभग एक वर्ष से राशन की दुकान को लेकर दो पक्षों के बीच तनातनी चल रही है। गांव मलकपुर में बीते 15 वर्षों से सोहन वाल्मीकि राशन डीलर है। राशन डीलर सोहन अपनी दुकान को गांव के ही नासिर पुत्र रफीक को ठेके पर दे रखा है। ग्रामीणों ने एक वर्ष पूर्व खुली बैठक करते हुए विरोध किया था उच्च अधिकारियों ने मामले में दुकान को समूह की महिला के नाम कर दिया था। सोहन व नासिर ने न्यायालय से आदेश प्राप्त कर दोबारा से राशन की दुकान अपने नाम कर ली थी। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन डीलर राशन में घाटतोली करता है और उपभोक्ताओं के साथ भी अभद्र व्यवहार करता है कई दिन पूर्व अधिकारियों ने राशन की दुकान की जांच पड़ताल की थी।

## यमुना में डूबे किशोर का 24 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग, तलाश जारी



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव डून्डुखेड़ा में दो दिन पूर्व यमुना नदी में नहाने गया बारह वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया था। सूचना पर पुलिस और गौताखोर मौके पर पहुंचे थे, और बालक की तलाश शुरू की थी। दूसरे दिन भी गोताखोरो ने बालक की तलाश की, लेकिन बालक का कोई सुराग नहीं लग सका है। थाना क्षेत्र के गांव डून्डुखेड़ा निवासी राजू कश्यप का बारह वर्षीय पुत्र प्रियांशु उर्फ कान्हा दो दिन पूर्व गांव के ही बच्चों के साथ यमुना नदी में नहाने के लिए गया था। नहाते समय बालक गहरे पानी में डूब गया था।बालक के साथ नहा रहे साथियों ने मामले की सूचना प्रियांशु के परिजनों को देने के साथ ही अन्य ग्रामीणों को दी थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोर बुलाकर यमुना नदी में डूबे बालक की तलाश शुरू की थी, लेकिन बालक का कोई सुराग नहीं लग सका था। दूसरे दिन भी गोताखोरो ने बालक की तलाश की, लेकिन गोताखोरों को कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी।

## एस.सी./एस.टी. बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़!** विद्यालयों को पेयरिंग कर मर्जर प्रक्रिया अपनाते हुए परिषदीय विद्यालयों को बन्द किए जाने के निर्देश को वापस लिए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश के संगठन एस.सी./एस.टी. बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन हापुड़ द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया गया कि सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग का नाम देते हुए परिषदीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के कम संख्या वाले विद्यालयों का मर्जर प्रक्रिया अपनाए जाने का निर्देश जारी किया गया है। यह ग्रामीण परिवेश में रहने वाले बच्चों एंव देश के भविष्य नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाना है, और अभिभावकों के बच्चों के भविष्य को सजने संवरने पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन गरीब बच्चों का क्या होगा जो गांव के स्कूल में तो जैसे तैसे पहुंच जाते थे परंतु दूसरे गांव तक सिर्फ इसलिए नहीं जा सकते क्योंकि उनके मां बाप सुबह से ही काम पर निकल जाते हैं और बच्चे को दूसरे गांव तक ले जाने वाला कोई नहीं, आखिर दिव्यांग बच्चों को कौन ले जाएगा रोज दूसरे स्कूल? वो बच्चे जिन्हें दिन में एक टाइम का खाना भी नसीब नहीं और गांव के स्कूल जाकर मिड डे मील के साथ अपनी पढ़ाई भी करते है वो कैसे अन्य गाँव अथवा दूरी के विद्यालय में कैसे जाएंगे। माना कि साधन संपन्न के बच्चे दूसरे गांव या शहर में सरकारी या प्राइवेट स्कूल में जाकर पढ़ लेंगे परंतु कुछ लोगों के लिए ये दुष्कर हो जाएगा। 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चे जब दूसरे गांव में पढ़ने जायेंगे तब विशेषकर बालिकाओं की सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह लगेगा। वर्तमान परिवेश में परिषदीय विद्यालयों का संचालन व पठन पाठन बहुत ही प्रभावशाली रूप में चल रहा है परन्तु इस प्रकार के निर्देश से परिषदीय विद्यालयों का पठन-पाठन अत्यन्त प्रभावित होगा। शिक्षकों ने अनुरोध करते हुए कहा है कि प्रदेश के नौनिहाल बच्चों के भविष्य के प्रति गहनता से विचार करते हुए, परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग कर विद्यालयों का मर्जर प्रक्रिया अपनाए जाने के कारण परिषदीय विद्यालयों को बन्द किए जाने के निर्देश को निरस्त करवाने के निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है ज्ञापन देने वालों में महेश कुमार (जिलाध्यक्ष), अंजू आजाद (जिला मंत्री ), रामकिशोर वर्मा (संरक्षक) बिजेन्दर (चेयरमैन), अरविन्द कुमार (ब्लॉक अध्यक्ष), मुन्नालाल (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सूरजपाल सिंह (जिला उपाध्यक्ष), बाबूराम, विक्रम सिंह, सुनील कुमार (संयुक्त मंत्री), मौजीराम (उपकोषध्यक्ष), राजकुमार सिंह (राज्य पुरस्कार सम्मानित), राजेश कुमार (उपाध्यक्ष), संजय कुमार, अजय गौतम, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, अंजना, संजय कुमार, सुमन देवी, कांता देवी, मंजीत सिंह, महिपाल सिंह आदि संगठन के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## कैंट की सफाई व्यवस्था चरमराई, सड़कों पर फैली गंदगी



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** कैंट क्षेत्र की साफ-सफाई व स्वच्छता को लेकर कैंट बोर्ड अधिकारी व स्टाफ लगातार युद्धस्तर पर कार्य में लगा है ऐसा दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ठेकेदारी में दिए गए पांच वार्डों में वार्ड नंबर छः मौहल्ला धर्म पुरी की आई तस्वीर

साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल स्थानीय लोगों का आरोप सड़कों पर फैला नालों से निकाला जाने वाला मलवा समय रहते नहीं उठाया जाता है जिससे तमाम गंदगी वाहनों के पहियों में लिपट कर तमाम सड़कें खीचड़ से भर जाती है और रहागीरो का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। बारिश होने के बाद तो और भी बुरा हाल हो जाता है। लोगों का कहना है सफाई व्यवस्था ठेकेदारी में जाने के बाद से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

## कावड यात्रा मार्गों का मैप तैयार कर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**(हापुड़)** आगामी कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर दो जिलों के पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने रोड मैप तैयार कर मार्गों का निरीक्षण कर जायजा लिया। सावन माह में कावड़ यात्रा को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत सकुशल संपन्न कराने को लेकर हापुड एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह एवं अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद ने अपने पुलिस अधिकारियों के साथ आगामी कावड़ यात्रा को सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न कराने को लेकर रोड मैप तैयार करते हुए मार्गो का निरीक्षण कर संबंधित दिए दिशा निर्देश। इस दौरान हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्राधिकारी वरूण मिश्रा सहित काफी पुलिस अधिकारी साथ रहे।



## सतगुरु के जन्मदिन पर भव्य आयोजन





**समर्थ कुमार सक्सेना**

**लखनऊ।** सेंट मिराज इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनोद रातड़ा ने सतगुरु जी के जन्मदिन के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन आशियाना में अपने निजी आवास पर किया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक, स्टाफ और अन्य भक्त उपस्थित थे। गुरुजी के जन्मदिन पर केक काटकर और भक्ति गीतों पर महिलाओं, पुरुष और बच्चों ने नृत्य करके सतगुरु जी के जन्मदिन को मनाया गया।

विनोद रातड़ा ने बताया कि उन्होंने रविवार को दिल्ली में भी सतगुरु जी के जन्मदिन पर एक समारोह आयोजित किया था, जहां रात 12 बजे केक काटकर जन्मदिन मनाया गया था। आज भी विनोद रातड़ा, पिंकी भैया, सौरभ और अन्य भक्तों ने मिलकर गुरु जी के जन्मदिन को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। समारोह में गुरुजी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया और लंगर का विनोद रातड़ा द्वारा किया गया। यह समारोह न केवल सतगुरु जी के प्रति सम्मान और भक्ति का प्रतीक था, बल्कि समुदाय के लोगों को एकजुट करने और सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का भी एक अवसर था।

## महिला ने पति के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी एक महिला ने अपने पति पर न्यायालय में चले मुकदमे में फैसला करने एवं परिवार को झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। सोमवार को गांव आल्दी निवासी महिला प्रीति ने बताया कि उसकी शादी कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव किशोरपुरा निवासी विपिन के साथ हुई थी आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद से ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया था पीड़िता ने आरोपी पति सहित ससुरालयों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया था मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसका पति आए दिन पीड़िता को परेशान करता है और न्यायालय में चल रहे मुकदमे में फैसला करने का दबाव बनाते हुए परिवार को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहा है।

## पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने में महिला समेत तीन गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** फरीदपुर के साहूकारा बाजार में रविवार को ताजिया रखने वाली जगह के पास स्थित दुकान में तोड़फोड़ की गई। पुलिस के सामने ही बाजार लूटने की धमकी दी गई। जिसके विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद करा दिया। हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी भी मौके पर आ गए। सड़क पर दरी बिछाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने उन्हें मनाकर ताजिये निकलवाए। दरोगा जसवीर सिंह ने अनस, अलतमस, सलीम आढ़ती के छोटे बेटे, मोबीना उर्फ छोटी बहन और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने वाली मोबीना, अनस और नाजिम को गिरफ्तार किया गया है। फरीदपुर कस्बे के साहूकारा बाजार में रविवार तड़के ताजिया रखने के दौरान कुछ खुराफातियों ने कपड़े की दुकान का स्लैब तोड़ दिया। शटर को भी तोड़ने की कोशिश की। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। फुटेज में एक युवक स्लैब तोड़ता दिख रहा है। रविवार सुबह व्यापारियों ने यह हाल देखा तो आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बाजार बंद करवा दिया। सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करने लगे। तब तक एसडीएम फरीदपुर मल्लिका नैन व सीओ संदीप कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। व्यापारियों को समझा-बुझाकर मनाया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।




## सो रहे नेताओ से निराश रानीगंज के लोगो के बीच पहुँच रहे धीरज ओझा

**विजय द्विवेदी**

**प्रतापगढ़** ।रानीगंज के पूर्व विधायक धीरज ओझा की जनता के बीच लगातार उपलब्धि से जनता गदगद है । सुख हो दुख गाव हो या टाउन एरिया लगभग रोज धीरज पहुच ही जाते है ? । अपने बीच धीरज को पाकर जनता खुश हो जय जयकार करते हुए कहती है ,रानीगंज के सारे जनप्रतिनिधि गहरी नीद मे है कोई हमारे लिए जाग रहा है तो हमारा धीरज । प्रतापगढ़ की रानीगंज के विधायक रहे धीरज ओझा ने विधायक बनते ही रानीगंज को अपनी नित नयी सोच को विकास का जामा पहनाने का कार्य शुरू किया था ।धीरज को रानीगंज के विकास के पथ मे प्रतापगढ़ की विकसित विधान सभा बनाने के सपने ने शायद ये सोचने का समय ही न दिया उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य जहा जनता का उन्हे दुलारा बना रहा है वही राजनीतिक ठसक का सपना रखने वालो का प्रबल विरोधी ।?जहा पिछले विधानसभा चुनाव मे विरोधियो की एकता,भितरघात और भाजपा के टिकट देने मे देरी? ने विरोधियो को अपना काम करने का मौका दिया और धीरज ओझा बेहद मामूली अन्तर से चुनाव हार गये । धीरज के चुनाव हारने से धीरज की सेहत पर तो कोई विशेष फर्क न पडा ।क्योकि प्रदेश मे उनके दल की ही सरकार पुनः स्थापित हुई । धीरज ओझा सूबे के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के प्रिय विधायको मे से एक थे। इसलिए धीरज ने चाहे गम्भीर बीमारियों के लिए लोगो को सरकार से धन दिलाना हो तो दिलाया साथ ही साथ जहा तक सम्भव था विकास के लिए भी धन सरकारी खजाने से दिलाया । लेकिन यदि कोई हारा तो रानीगंज कि जनता जिसकी आवाज विधानसभा मे अब उतने साहस से उठाने वाला कोई न था जितने साहस से धीरज ओझा उठाया करते थे। रानीगंज की जनता की हार इसलिए भी है कि विधानसभा स्तर पर विकास कार्य जिस गति से दौड रहा था अब वह ठीक से रेग भी नही पा रहा ।



# शपथ ग्रहण केवल औपचारिकता नहीं जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संकल्प है : अम्बिका सिंह

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं संकल्प समारोह सोमवार को मुख्यालय स्थित एक लॉज में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बस्ती जिले के पूर्व विधायक अम्बिका सिंह रहे। समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम गीत से हुई, तत्पश्चात मुख्य अतिथि अम्बिका सिंह ने उपस्थित 45 जिला पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर उन्हें उनके दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दिलाया और सबको शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अम्बिका सिंह ने कहा कि यह शपथ ग्रहण केवल औपचारिकता नहीं जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संकल्प है। आप सभी पदाधिकारी जनता के हितों के लिए जमीन पर उतरकर संघर्ष करें और जनता की आवाज बनें। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद एवं पूर्व सांसद मोहम्मद मोकीम ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है, जिसका हमें डटकर मुकाबला करना होगा। हमें गांव-गांव जाकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलन्द करनी होगी।

पूर्व प्रदेश महासचिव अरशद खुर्शीद एवं कोआर्डिनेटर राम अवध पासी ने कहा कि हमारा पहला उद्देश्य संगठन को गांव-गांव एवं वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत करना है। कार्यक्रम को पूर्व प्रदेश सचिव डॉ0 नादिर सलाम, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी किरन शुक्ला एवं देवेन्द्र कुमार गुड्डु, अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष असलम खुर्शीद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गण, कृष्ण बहादुर सिंह, अभिनय राय, जावेद मोकीम, रंजना मिश्रा, राम चन्दर पाण्डेय, अशोक गुप्ता, अनिल सिंह अन्नू, सादिक अहमद, जिल्ले गालिब, महासचिव गण सतीश चन्द्र त्रिपाठी, सबरे आलम, सुदामा प्रसाद, कन्हैया पाण्डेय, ऋषिकेश मिश्रा, मैनुद्दीन, आसिफ रिज्वी, कोषाध्यक्ष रियाज मनिहार, प्रवक्ता हरि पासवान, सचिव ओमप्रकाश दूबे, ज्योतिमा पाण्डेय, अर्जुन कन्नौजिया, पवन पाण्डेय, इनामुर्रहमान, लोकपति ओझा, जुल्फेकार खान, शौकत अली, गिरिजेश कुमार, बीपत राम शर्मा, अब्दुल रऊफ, सन्तोष चौधरी, सायरा खातून, श्रीमती रुखमीना, कपिलदेव निषाद, दिवाकर त्रिपाठी, जितेन्द्र धर द्विवेदी, जोखन प्रजापति, कार्यालय सचिव अकरम अली सिद्दीकी सहित तमाम ब्लाक अध्यक्ष व फ्रन्टल संगठनों के अध्यक्ष मौजूद रहे।



# तीन दोस्तो के शव घर पहुंचे तो फफक पड़ा पूरा इलाका

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**




**बरेली।** सीबीगंज के रहने वाले चार युवक दिल्ली में रहकर एसी मैकेनिक का काम करते थे। शनिवार सुबह चारों कमरे में बेसुध हालात में मिले थे। चारों को अस्पताल ले जाया गया था, जहां तीन को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। वहीं, चौथे हसीब की हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। एम्स में उसका उपचार चल रहा है। इधर, रविवार को गमगीन माहौल में तीनों को अंतिम विदाई दी गई। सीबीगंज थाना क्षेत्र के बंडिया गांव निवासी मोहसिन (22) पुत्र बशीर अहमद, हसीब (27) पुत्र नसीर अमहद, सनईया रानी मेवाकुंवर निवासी इमरान (25) पुत्र बाबू खां और गांव के अंकित रस्तोगी उर्फ कपिल पुत्र महेश रस्तोगी दक्षिण दिल्ली के आंबेडकर नगर थाना क्षेत्र के दक्षिणपुरी इलाके में किराये के कमरे में रहकर एसी संभालने का काम करते थे। चारों युवक शनिवार सुबह कमरे में बेसुध हालत मिले। रविवार देर रात मोहसिन, इमरान, अंकित के शव उनके गांव पहुंचे। शव देखकर परिजन बिलख पड़े। देर रात मोहसिन और इमरान के शव गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिए गए। जबकि अंकित के परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। वहीं, जिंदगी की जंग लड़ रहे हसीब की हालत में अब सुधार हो रहा है। परिवार के साथ गांव के लोग उसके ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

# मौलाना शहाबुद्दीन, धीरेंद्र शास्त्री और राम भद्राचार्य पर भड़के, बोले हिंदू राष्ट्र कभी नहीं बने भारत

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री और स्वामी रामभद्राचार्य मौसम के हिसाब से देखते हैं। बिहार में चुनाव होने वाले हैं। इसी सियासी माहौल में उन्होंने हिंदू राष्ट्र बनाने की घोषणा कर दी है। धीरेंद्र शास्त्री ने यहां तक कह दिया है कि भारत अगर हिंदू राष्ट्र बना तो बिहार पहला हिंदू राज्य होगा। धीरेंद्र शास्त्री बिहार से भारत के हिंदू राष्ट्र कि शुरूआत करना चाहते हैं इसकी असल वजह बिहार का चुनाव है। वह इस तरह की बातें दो साल से कर रहे हैं, लेकिन जनता ने समर्थन नहीं दिया। वहीं रामभद्राचार्य को लेकर मौलाना ने कहा कि वह कह रहे हैं कि भारत में जिस दिन 80 फीसद हिंदू आबादी हो जाएगी उस दिन भारत भगवा-ए-हिंद घोषित कर दिया जाएगा। उनको ये जानकारी नहीं है कि भारत सरकार के रिकॉर्ड के मुताबिक 19 फीसद मुस्लिम आबादी है और 81 फीसद गैर मुस्लिम आबादी है। उन्होंने भगवा-ए-हिंद का नारा गजवा-ए-हिंद के मुकाबले में दिया है। वह भले ही भगवा-ए-हिंद का नारा लगा रहे हों, मगर भारत के मुसलमानों ने गजवा-ए-हिंद के नारे को नकार दिया है।

# बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में जिलेभर में 3 जुलाई से 17 जुलाई के मध्य विद्यानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर बीएलओं का 50-50 के बैच में एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसी क्रम में धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विधानसभा क्षेत्र धौलपुर में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत सोमवार को नगर परिषद सभागार में हुई। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम डॉ साधना शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन विभाग जयपुर के निदेर्शानुसार आयोजित इस शिविर में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओ को मतदाता सूची से संबंधित कानूनी प्रावधान, फॉर्म भरने की प्रक्रिया, केस स्टडी, बीएलओ ऐप तथा वीएचए ऐप के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरने जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। पात्र मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें। शिविर की शुरूआत में एसडीएम डॉ साधना शर्मा ने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बीएलओ त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के उद्देश्य से अपने कार्यों का गंभीरता से निर्वहन करें और अद्यतन एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्र मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण उपरान्त प्रतिभागियों की वीडियो बाइट्स ली जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी के सोशल मीडिया हैण्डस पर ईसीआई एवं सीईओं राजस्थान को टैग करते हुए अपलोड किए गए। निर्वाचन विभाग के दिशा-निदेर्शों पर कार्य करने के निर्देश दिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम डॉ साधना शर्मा ने बीएलओ दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाने का आह्वान किया साथ ही उन्होंने बीएलओ ऐप की उपयोगिता और निर्वाचन विभाग के दिशा-निदेर्शों पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को निर्वाचन से संबंधित कार्यों को समयबद्ध और जिम्मेदारी से पूरा करने तथा अपने पदीय दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन प्रशिक्षक अतुल चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपखंड कार्यालय के बृजमोहन कुलश्रेष्ठ, पुनीत, चुनाव मीडिया सेल स्वीप के व्याख्याता भगवान सिंह मीना सहित अन्य मौजूद थे।

# यूरिया खाद के साथ नेपाली तस्करों को पुलिस ने दबोचा




**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**ढेबरुआ/ सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ पुलिस ने सोमवार को बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान तीन संदिग्धों को दबोच लिया। उनके कब्जे से आठ बोरी यूरिया और तीन साइकिल बरामद की। आरोपियों को बढ़नी कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।थानाध्यक्ष ढेबरुआ गौरव कुमार सिंह ने बताया कि बॉर्डर पर तस्करी के रोकथाम के लिए पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में धनौरा मार्ग पर नहर के पुल के पास से तीनों लोगों को पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान दुर्गेश निवासी पलट थाना बहादुरगंज राष्ट्र नेपाल, डाक्टर निवासी ढेबरा थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु, नेपाल, चंदन निवासी ग्राम और थाना बहादुरगंज राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई। पूछताछ करने के बाद बरामद खाद सहित आरोपियों को बढ़नी कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।

# अपने भक्तों के सभी मनोरथ सिद्ध करते हैं गिरिराज गोवर्धन : आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**



वृन्दावन। छटीकरा रोड़ स्थित मृदुल वृन्दावन धाम में द भागवत मिशन फाउंडेशन एवं भागवत परिवार समिति (रजि.) दिलशाद गार्डन,दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे अष्टदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीगुरू पूर्णिमा महोत्सव के पांचवें दिन विश्वविख्यात भागवत रत्न आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने देश-विदेश से आए विभिन्न भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीगिरिराज लीला प्रसंग की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि गिरिराज गोवर्धन महाराज साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के ही प्रतिरूप हैं ।उनमें और श्रीकृष्ण में कोई भेद नहीं है ।वस्तुतः भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति का संरक्षण करने के लिए ही गिरिराज पूजा की लीला की थी ।जिससे कि लोग प्रकृति के महत्व को जानें और उसकी उपयोगिता का सही से पालन करें। आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि ब्रज की पावन भूमि पर त्रिदेव पर्वत रूप में विद्यमान हैं। जो कि बरसाना में ब्रह्मगिरि (ब्रह्मदेव), नंदगांव में नंदीश्वर पर्वत (महादेव) एवं गोवर्धन में गिरिराज पर्वत (भगवान विष्णु) के स्वरूप हैं ।इनकी पूजा व परिक्रमा करने से व्यक्ति के सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं ।इसीलिए गिरिराज गोवर्धन महाराज ब्रजवासियों के इष्टदेव हैं। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की अत्यंत नयनाभिराम और चित्ताकर्षक झांकी के दर्शन कराए गए ।साथ ही गिरिराज गोवर्धन को 56 भोग लगा कर उसका प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी दासबिहारी अग्रवाल, महोत्सव के मुख्य यजमान श्रीमती हिना-विकास अग्रवाल, श्रीमती श्याम लता-कुसुम पाल शर्मा, श्रीमती अरुणा शर्मा, आचार्य किशोर कुमार शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बेहतर परिवेश के लिए पौधा रोपण बेहद जरूरी :- बोहरा

**वेलकम इंडिया**



**बाड़मेर, राजस्थान। 07 जुलाई, 2025** । जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाने को लेकर एक घर एक पौधा अभियान के माध्यम से सोमवार को सांसियों का तला स्थित धन-धन सतगुरू आश्रम में रामधारी दिवस के उपलक्ष में संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन व आश्रम प्रभारी सुनील कुमार रामधारी के नेतृत्व में अलग-अलग किस्म के 100 पौधे लगाएं गए। वहीं 100 पौधे ग्रामीणों को घर-घर रोपण के लिए वितरित किये गये। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि ह्यकोशिश करने वालों की हार नही होती हैह्न इसी ध्येय वाक्य को जह्न में रखकर संस्थान की ओर से थार नगरी बाड़मेर को ग्रीन सिटी बनाने के लिए नियमित व आन्दोलन रूप में लगातार अलग-अलग स्थानों पर वृह्द पौधारोपण किया जा रहा है। अमन ने कहा कि बेहतर परिवेश व पर्यावरण के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। हमें अधिक से अधिक पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करना होगा। साथ ही जन-जन को पौधारोपण के लिए जागरूक करना होगा।

# मोहर्रम में हुए उपद्रव भारत के इस्लामीकरण का प्रमाण है - दिव्य अग्रवाल (लेखक एवं विचारक)

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** मोहर्रम के जुलुस में या हुसैन और अल्लाह हु अकबर के नारो के साथ जुलुस निकाले गए जिसके चलते अनेको स्थानों पर अवैध रूप से शस्त्र प्रदर्शन के साथ साथ उपदर्वी घटनाएं भी घटित हुई। समझ से परे है की क्या इस्लामिक देशो में सनातनी मान्यताओं की शांतिपूर्ण शोभा यात्रा निकाली जा सकती है , शायद नहीं बिलकुल नहीं जब भारत में ही रामनवमी , हनुमान जयंती और नवरात्रि की शोभा यात्राओं पर मजहबी समाज पत्थरबाजी,तलवारबाजी,पैट्रोल बमबाजी करते हैं तो इस्लामिक देशो में तो सम्भव ही नहीं हाँ इस्लामिक जनसँख्या के दवाब के कारण कर्बला का मातम भारत में अवश्य मनाया जाता है सिर्फ मनाया ही नहीं जाता अपितु अवैध शस्त्रों के प्रदर्शन के साथ मजहबी भीड़ , गैर इस्लामिक समाज को अपने संख्या बल की ताकत दिखाकर भयभीत करने का प्रयास भी करती है ।सेकुलर राष्ट्र के नाम पर भारत का इस्लामीकरण हो रहा है और भारत के गैर इस्लामिक समाज के पास मूकदर्शक बने रहने के अतिरिक्त कोई मार्ग नहीं । एक मार्ग था भगवद गीता का अनुसरण , संतान और वैधानिक शस्त्र शक्ति का अनुपालन परन्तु उस मार्ग का त्याग कर गैर इस्लामिक समाज भोग विलास , पाश्चात्य जीवन शैली की लिप्सा में लिप्त होकर पतन के मार्ग पर अग्रसारित है ।

# जिला पंचायत चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगा:- अपना दल एस




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** अपना दल एस बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस के जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने कहा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने आवाहन किया है कि पार्टी को उत्तर प्रदेश में नंबर वन पार्टी बनाना है इस लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुट जाए जिला कार्यालय पर अन्य पार्टियों के कई नेताओं ने पार्टी में शामिल हुए शामिल होने वाले में मुख्य रूप से महावीर उपाध्याय,जैद सैफी, बलवीर जाटव,तुषार शर्मा,रामकिशन कश्यप,अर्जुन लोधी आदि थे जिला अध्यक्ष ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया।

# राजवीर सिंह राजावत का मंडल बसई नवाब द्वारा किया स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान।** भाजपा मंडल बसई नवाब द्वारा भाजपा मंडल संयोजक केजी तिवारी की अध्यक्षता में नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत का भव्य स्वागत समारोह कार्यक्रम हुआ संपन्न। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मुखर्जी, भारत माता व दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दी कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक हरिओम त्यागी एवं समारोह में पधारे सभी अतिथि गण ,भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं का कार्यक्रम संयोजक दयाशंकर कटारा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज एक प्रखर राष्ट्र नायक, महान शिक्षाविद, संघनिष्ठ,जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है उन्होंने राष्ट्र प्रथम की नीति पर चलते हुए देश के उत्थान एवं प्रगति के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर दिया भारत की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों के बलिदान देने वाले मुखर्जी को आज पूरा देश सम्मान के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है अध्यक्ष ने सभी से मतभेद भुलाकर पार्टी हित कार्य करने के लिए कहा उन्होंने संगठन की संरचना को मजबूती से खड़ा करने के लिए सभी दायित्व वान कार्यकताओं का आवाहन किया सभी से संकुचित विचारधारा को त्याग कर पार्टी की मुख्य धारा में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की अपील की मंचासीन अतिथियों में प्रधान दुष्यंत बघेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, महामंत्री मदन कोली, डॉ. मनोज शर्मा, कमल पहाड़िया, जिला मंत्री विजय त्यागी, विनय परमार, आनंद शर्मा जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बाचा राम बघेल,गोपाल शर्मा ,रामबाबू मुखिया उपस्थित रहे। इस दौरान शशिकांत शर्मा, सुंदर सिंह त्यागी, केशव त्यागी, दिवाकर प्रजापति, सुभाष त्यागी, कुमर बघेल, गोरेलाल लोधा ,खूबचंद कुशवाह,सियाराम कुशवाह, भगवान सिंह जाटव, बादल कुशवाह युवा नेता, राजेंद्र पाराशर, सतीश पाराशर,दीनदयाल लोधा, बिस्सा राम जाटव टीकम सिंह लोधा, पप्पू भगत ,विजय त्यागी, शिवदत्त शर्मा , पवन शर्मा, रामू शर्मा,रेखा देवी, कृष्णकांत परमार ,शिवराम सेठ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं सहित युवाओं ने भाग लिया।

## सोती हुई नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़, आरोपी दबोचा

**पहासू/बुलंदशहर/**पहासू कस्बा के सोमना रोड स्थित एक मोहल्ले में घर के बाहर अपनी दादी के साथ सो रही 12 वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ कर अपने साथ ले जाने की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर जागे परिजनों ने युवक को मौके पर दबोच कर जम कर पीटा तथा पुलिस को सौंप दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जन्म दिन पर कृतिका ने लगाये 51 पौधे

**पहासू/बुलंदशहर/**पहासू के गांव बनैल निवासी 13 वर्षीय कृतिका ने क्षेत्र में 5 पौधे लगाकर अपना जन्म दिन मनाया। कृतिका के इस संकल्प में परिवार वालों ने भी खूब सहयोग दिया। पौधरोपण की प्रेरणा कृतिका को अपने दादा स्वतंत्रता रक्षक सेनानी स्व0 भारत भूषण शर्मा से मिली। कृतिका पिछले चार वर्षों से पौधे लगाकर अपना जन्म दिन मनाती है। कृतिका के अनुसार पर्यावरण की रक्षा के लिए हरे भरे वृक्षों का होना तथा उनका रखरखाव बेहद जरूरी है। कृतिका द्वारा पौधरोपण तथा उनके रखरखाव के संकल्प की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

# वन महोत्सव 2025 एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विधानसभा क्षेत्र में वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत चल रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विभिन्न स्थलों पर भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच जी ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के क्रम में महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गोविंदपुरी में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देते हुए वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंशु सिंह ने विधायक महोदया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, रवि भूषण गौतम, राजीव मैतरे, संगीता सिंह अशोक कुमार, सतीश कुमार, विजय कुमार कल्पना वर्मा सौरभ त्यागी अनीता ढाका तथा छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ₹हरित पर्यावरण, स्वस्थ जीवन₹ के संदेश के साथ किया गया। चौधरी चरण सिंह स्मारक जनता इंटर कॉलेज एवं जनता डिग्री कॉलेज, ग्राम पतला में छात्र-छात्राओं, प्रबंधन समिति और ग्रामीणजनों के सहयोग से पर्यावरण जागरूकता पर चर्चा करते हुए पौधारोपण किया गया। दिल्ली-मेरठ मार्ग (किमी 48) पर भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सड़क किनारे हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच जी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे मूल्यवान उपहार है। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अपनी माता के नाम पर अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# उद्यमी भारत-बदलता भारत जागरूकता अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में, डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में, एन सी सी महानिदेशालय के आदेशों के अनुक्रम में वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल के निर्देशन मे ह्यउद्यमी भारत-बदलता भारतह्न जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालय के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ के नेतृत्व में एक संगोष्ठी का आयोजन कर जागरूकता रैली निकाली।ह्यउद्यमी भारतह्न का मुख्य पहलू उद्यमिता को बढ़ावा देना जिसमें अधिक से अधिक लोग व्यवसाय शुरू करने और चलाने के लिए प्रेरित हों तथा भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एंमएसएमई को मजबूत बनाकर अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक करना है। वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने एन सी सी कैडेट्स एवं युवाओं को बताया कि उद्यमी भारत एक ऐसा अभियान है जो भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देता है।कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उद्यमिता और एमएसएमई क्षेत्र के बारे में जनमानस को जागरूक कर भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में मजबूती दर्ज कराना तथा नवाचार और विकास के माध्यम से एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि उद्यमी भारत एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य भारत को एक मजबूत और आत्म निर्भर राष्ट्र बनाने में मदद करने के लिए उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स बैनर, पोस्टर, एवं स्लोगन के माध्यम से उद्यमिता और एमएसएमई क्षेत्र के बारे में आमजन को जागरूक करते नजर आए।इस अवसर पर एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, लै० राजीव जांगिड, सूबेदार मेजर दोज थापा, सूबेदार अफ़्तार हुसैन, हवलदार संतोष कुमार एवं एन सी सी कैडेट्स का सहयोग रहा।



## इंजीनियर बहू ने सास को बाल पकड़कर घसीटा, सीसीटीवी फुटेज वायरल

**गाजियाबाद।** कवि नगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरम इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां सॉफ्टवेयर इंजीनियर बहू ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी सास के साथ अत्यंत अमानवीय व्यवहार किया। बहू ने न केवल सास के बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर घसीटा, बल्कि मारपीट भी की। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी सतपाल सिंह अपने परिवार के साथ गोविंदपुरम में रहते हैं। उनके बेटे अंतरिक्ष एक सॉफ्टवेयर कंपनी में इंजीनियर हैं और हाल ही में उनकी शादी आकांक्षा नामक युवती से हुई थी, जो स्वयं भी एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और फिलहाल वर्क फ्रॉम होम कर रही है। सतपाल सिंह ने बताया कि आकांक्षा शुरूआत से ही परिवार में तनाव और कलह की स्थिति बना रही थी। एक जुलाई को किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और विवाद इस हद तक बढ़ गया कि आकांक्षा ने उनकी पत्नी को बालों से पकड़कर घर में घसीटा और शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाया। इस घटना के बाद जब पुलिस को सूचना दी गई, तो जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें पूरी घटना स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड थी। यही फुटेज अब इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। पीड़ित परिवार की ओर से कवि नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले में एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है और तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला से चाकू की नोंक पर लाखों की लूट, दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गौरीशंकर एंक्लेव में एक महिला को चाकू दिखाकर उसके घर से लाखों रुपये के जेवर और नकदी लूटने वाले दो शातिर लुटेरों को शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से लूट के जेवरात, हजारों रुपये नकद और अन्य सामान बरामद किया है। घटना तीन जुलाई की है, जब बदमाशों ने सुनसान समय पर महिला को निशाना बनाकर फ्लैट में घुसकर चाकू के बल पर लूटपाट की थी। मामले की गूंज पूरे इलाके में फैली थी। घटना के बाद से ही पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम समीर अली बग्गा (निवासी सीमापुरी, दिल्ली) और संजय कश्यप (निवासी विक्रम एंक्लेव, शालीमार गार्डन) हैं। दोनों अपराधी पेशेवर लुटेरे हैं और इन पर पहले से आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना शालीमार गार्डन के एसएचओ ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने सूचना व मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों को दबोचा और उनसे लूट की संपत्ति बरामद की। यह गिरफ्तारी पुलिस की मुस्तैदी का परिणाम है, जिससे क्षेत्र में आतंक फैलाने वाले दो दुर्दांत अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास की गहन जांच कर रही है, ताकि इनके अन्य मामलों से भी पर्दा उठाया जा सके।

## अधेड़ का शव पेड़ से लटका मिला, हत्या या आत्महत्या?

गाजियाबाद। कोतवाली नगर क्षेत्र के साईं उपवन में शनिवार सुबह एक पेड़ से लटका हुआ 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जैसे ही घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिली, कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस रहस्यमयी मौत को लेकर पुलिस ने हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि शव की हालत सामान्य नहीं थी, जिससे आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की पहले हत्या की गई और फिर उसका शव आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटका दिया गया।

# काईट ने मेधावी छात्र पुरस्कार 2025 की मेजबानी की: शैक्षणिक प्रतिभा को मान्यता देना और युवा दिमागों को प्रेरित करना

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने ऊर्जा झ्र ग्लोबल प्रिंसिपल्स एसोसिएशन के सहयोग से मेधावी छात्र पुरस्कार 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जो पूरे भारत में कक्षा 12वीं में बैठने वाले और उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए समर्पित एक भव्य समारोह है, जिन्होंने अपनी बोर्ड परीक्षाओं में 84% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. हर्ष खट्टर (डीन सीएसआईटी - काईट), पुनीत गोस्वामी (डीन आईटी - काईट), डॉ. के. नागराजन (प्रिंसिपल काईट स्कूल ऑफ फार्मेसी), डॉ. प्रीति चिटकारा (प्रमुख, पीआर और अंतर्राष्ट्रीय संबंध - काईट), श्रीमती ज्योति लूथरा (संस्थापक और अध्यक्ष - ऊर्जा ग्लोबल प्रिंसिपल्स एसोसिएशन), श्रीमती ऊषा नेगी और श्री गगन जी द्वारा औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। उनकी उपस्थिति ने समारोह में बहुत अधिक मूल्य और गर्मजोशी जोड़ दी। डॉ. मनोज गोयल (संयुक्त निदेशक - काईट), डॉ. आदेश पांडे (निदेशक अकादमिक - काईट), डॉ. अभिनव जुनेजा (निदेशक कॉर्पोरेट संबंध और प्लेसमेंट केंद्र - काईट) भी कार्यक्रम में मौजूद थे। शहीद भगत सिंह सेवा दल के संस्थापक, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित श्री जितेंद्र सिंह शंटी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और सभा को एक हार्दिक संदेश के साथ संबोधित किया। उन्होंने कहा, ₹मैं चाहता हूं कि हर छात्र अपने जीवन में सिर्फ सफलता न ढूंढे, बच्चे का समर्पण और सेवा को भी अपनाए। सही सफलता वही है जो दूसरों के लिए कुछ कर सके।₹ अपने संबोधन में डॉ. प्रीति चिटकारा ने इस तरह की पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹काईट ने हमेशा छात्रों को पोषित करने में विश्वास किया है, न केवल अकादमिक सफलता के लिए, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिकों के रूप में आकार देने के लिए भी।




# भाजपा नेता संजय त्यागी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पंचायत निवाड़ी में भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर विचारक श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी, भाजपा नेता संजय त्यागी, नगर पंचायत निवाड़ी अध्यक्ष अनिल त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी, सेक्टर संयोजक मंगेश्वर निषाद, सेक्टर संयोजक रजनीश त्यागी, कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग, बूथ अध्यक्ष अंकित त्यागी, आशीष गोयल, संजीव त्यागी, विनीत त्यागी आदि भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे₹ का नारा देने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी एवं देश की एकता व अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन।डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी सिर्फ नेता नहीं थे वो विचार थे और एकता के प्रतीक थे।

# डीजे ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स राज्य चैम्पियनशिप का भव्य समापन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डीजे ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स राज्य चैम्पियनशिप का समापन समारोह गरिमापूर्ण और भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ। यह आयोजन समावेशन, समर्पण और खेल भावना का प्रतीक बन गया। इस अवसर की मुख्य अतिथि रहीं डॉ. मल्लिका नड्डा, चेयरपर्सन, स्पेशल ओलंपिक्स भारत, जिन्होंने डीजे ग्रुप द्वारा 2014 से इस मुहिम में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि डीजे ग्रुप ने जिस पैमाने पर इस आयोजन को संभव बनाया है, वह प्रशंसनीय है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि डीजे ग्रुप ने अब राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए भी बोली लगाई है, जो उनके संकल्प और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में जुटे वालंटियर्स की मेहनत और ऊर्जा की भी सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे मुकेश शुक्ला, चेयरमैन, स्पेशल ओलंपिक्स भारत झ्र उत्तर प्रदेश चैप्टर, जिन्होंने राज्य स्तर पर प्रतिभागियों के उत्साह और आयोजन की उच्च गुणवत्ता की सराहना की। मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों में शामिल थे श्रीमती ए.एस. जस्सर, चेयरपर्सन, डीजे ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, ऋत्विक जस्सर, सीईओ, डीजे ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, तथा डॉ. पुनीत आहूजा, प्राचार्य, डीजे कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को और गौरवपूर्ण बनाया।




# तुलसीराम माहेश्वरी इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधारोपण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तुलसीराम माहेश्वरी पी बी ए एस इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने पौधारोपण किया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्यामलाल, कैप्टन रजनीश कुमार, मोहम्मद खालिद अली, पंकज गुप्ता, सुमन लता, साधना वर्मा, चंचल बाला ने सभी छात्रों व एनसीसी कैडेट के साथ मिलकर फलदार पौधे लगाए। जिसमें आम, आंवला, बरगद, अमरुद, कनेर, इमली, नीम, जामुन, सहजन के पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्यामलाल ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी मां के नाम एक पौधारोपण अवश्य करें और उस पेड़ का पालन पोषण भी उसी तरह करें जैसे मां ने हमारा किया। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए विद्यालय में पौधारोपण आवश्यक है। पेड़ पौधे न केवल आक्सीजन प्रदान करते हैं, इनसे वातावरण शुद्ध होता है, गर्मी कम लगती है और सुंदर तथा प्रेरणादायक वातावरण बनता है। एनसीसी अधिकारी कैप्टन रजनीश कुमार ने कैडेट्स व छात्रों को संकल्प दिलाया कि सभी इन पौधों की देखभाल करें। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल वर्मा, शमशेर बहादुर सिंह, जयवर्धन, अनिल शर्मा, मनीष, नरेंद्र यादव, कैलाश, दीपक, दीपचंद, राजेश, पप्पल व कैडेट्स अतुल, लखन देव, प्रेम पांडे, जीशान, दीपांशु आदि सभी का पूर्ण सहयोग रहा।




# गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की वार्षिकी नीरांजलि का भव्य लोकार्पण

डॉ. शंभू पंवार

नई दिल्ली, 7 जुलाई।गीतांजलि काव्य प्रसार मंच द्वारा ई पत्रिका नीरज कुंज के (प्रिंट) वार्षिक विशेषांक ₹नीरांजलि₹का भव्य लोकार्पण एवं रचनाकारो का सम्मान मीडिया क्लब नोएडा में शानदार रूप से सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि, लेखक, साहित्यकार डॉ. प्रेम भारद्वाज 'ज्ञानभिक्षु' ने की, बतौर मुख्य अतिथि प्रख्यात राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा एवं विशेष अतिथि के रूप से वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार-विचारक डॉ. शंभू पंवार रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.सूक्ष्मलता महाजन, डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति, डॉ. वीणा मित्तल, डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. नीरजा मेहता, डॉ. सुमन मोहिनी सलोनी मंचासीन रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ इला जायसवाल व डॉ कामना मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन ओर अंजना जैन, पूजा श्रीवास्तव की श्रीगणेश ओर सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात पत्रिका से सचिव देवेंद्र प्रकाश शर्मा, सरिता विजय शर्मा, डॉ अवधेश तिवारी, अनुराग स्वामी, जतिन अरोड़ा, भाविका अरोड़ा ने अतिथियों को माला, शॉल, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।अतिथियों ने मंच की वार्षिकी ₹नीरांजलि₹ का लोकार्पण किया। स्वागत उद्बोधन में डॉ गीतांजलि अरोड़ा ने बताया कि 1 जुलाई 2023 को मंच के संस्थापक नीरज अरोड़ा जी के जन्मदिवस पर उनको समर्पित करते हुए नीरज कुंज त्रैमासिक ई पत्रिका का शुभारंभ किया। 1 जुलाई 2025 को पत्रिका के 2 वर्ष पूरे होने पर वर्ष में निकले 4 अंकों का एक वार्षिक विशेषांक प्रिंट अंक की शुरूआत की जिसका आज प्रथम वार्षिक विशेषांक के रूप में नीरांजलि का आज लोकार्पण हो रहा है। यह विशेषांक हमारे मंच के प्रेरणास्त्रोत्र नीरज अरोड़ा जी की स्मृति को समर्पित एक साहित्यिक श्रद्धांजलि है। यह अंक उन सभी रचनाकारों की सृजनशीलता और भावनात्मक ऊर्जा का प्रतिबिंब है जिन्होंने अपनी सशक्त रचनाओं से इसे गरिमामय बनाया। समारोह को संबोधित करते हुवे डॉ.प्रेम भारद्वाज ने कहा कि नीरज अरोड़ा जी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन उन्होंने इस मंच का गठन जिस सोच ओर भावना के साथ किया उनके सपने को यथार्थ में रूप में करने में उनकी पत्नी गीतांजलि अरोड़ा, पुत्र जतिन, पुत्री भाविका, दामाद अनुराग स्वामी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है।आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं।मुख्य अतिथि डॉ सविता चड्ढा ने डॉ.गीतांजलि अरोड़ा ने नेतृत्व में मंच के माध्यम से सृजन को सम्मान, नई प्रतिभाओं को मंच और साहित्य को समाज से जोड़ने के अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। विशेष अतिथि डॉ.शंभू पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रिका का वार्षिक विशेषांक नीरांजलि का लोकार्पण किया गया है।यह एक साहित्यिक दस्तावेज का विमोचन नहीं है बल्कि एक सच्चे साहित्य साधक, दूरदृष्टा ओर समाजसेवी नीरज अरोड़ा जी के विचारों, सपनों और सपनों को जन जन तक पहुंचाने की ऐतिहासिक पहल है।

नीरज अरोड़ा जी का साहित्य एवं समाज सेवा में दिया गया योगदान अनुकरणीय और प्रेरणास्त्रोत है। उनके सपनों को साकार करने के लिए मंच की अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा के नेतृत्व में उनके पुत्र, पुत्री, दामाद ओर मंच की पूरी टीम जिस निष्ठा और भाव से कार्य कर रहे है वो बधाई के पात्र है। नीरज अरोड़ा जी की बिटिया भाविका ने अपने पिता के साथ बचपन से विवाह तक के सफर के कुछ स्मरणीय पलो को मंच से साझा किया।जिसे सुनकर सभागार में उपस्थित सभी प्रबुद्धजन भावुक हो गए। समारोह में मंच द्वारा पत्रिका में रचनात्मक सहयोग करने वाले 75 उत्कृष्ट रचनाकारो को उनकी सृजनशीलता, साहित्यिक समर्पण के लिए नीरांजलि साहित्य सम्मान 2025 से अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में रेणु स्वामी, पूनम सचदेवा, प्रतिभा अरोड़ा, ज्योति अरोड़ा, सुभाष श्रीवास्तव, सहित दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा उत्तरप्रदेश, राजस्थान की साहित्यिक विभूतिया उपस्थित रही।अंत में पत्रिका के सह संपादक डॉ मनोज कामदेव ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# वृंदा बनीं सीए फाउंडेशन में आल इंडिया टापर !

## वृंदा ने 90.5 प्रतिशत अंक पाकर हासिल की फर्स्ट रैंक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद राजनगर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल एवं विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान के तत्वाधान में राजनगर एक्सटेंशन पहुंच कर किया तुलसी अग्रवाल, वृंदा अग्रवाल का सम्मान परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने बताया कि वीवीआइपी सोसाइटी में रहने वाली वृंदा अग्रवाल ने सीए फाउंडेशन में आल इंडिया फस्ट रैंक हासिल कर गाजियाबाद ही नहीं नहीं प्रदेश का नाम भी रोशन कर दिया है। यह उनका पहला प्रयास था। आईसीएआई सिलेबस के आधार पर उन्होंने तैयारी कर 90.5% अंकों के साथ सफलता हासिल की है साथ ही वृंदा की बड़ी बहन तुलसी अग्रवाल ने भी गाजियाबाद में पहला स्थान हासिल किया है। तुलसी अग्रवाल वृंदा की बडी बहन है तुलसी ने का इंटरमीडिएट की परीक्षा में 600 में से 400 अंक हासिल कर गाजियाबाद में पहला स्थान हासिल किया है इस कामयाबी मे वृंदा के माता पिता का भरपूर सहयोग रहा इस अवसर पर वृंदा के पिता नितिन कुमार एवं माता श्री रुचि अग्रवाल का भी सम्मान किया गया इस अवसर पर पंडित आरसी शर्मा, प्रशांत सरेया, अरविंद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शिवकुमार शर्मा मौजूद थे

## आईटीएस मैनेजमेंट में 30वें पीजीडीएम बैच के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

**गाजियाबाद**। आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मोहन नगर में मंगलवार से शुरू हो रहा पीजीडीएम (2025-27) बैच का ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'एस्पिरेशन-2025ज एक प्रेरणादायी और बहुआयामी शुरूआत का प्रतीक बन गया है। संस्थान के 30वें बैच के प्रतिभागियों के स्वागत में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में देश के प्रशासनिक और कॉरपोरेट क्षेत्र की नामचीन हस्तियों ने भाग लेकर नवागंतुक छात्रों को नई ऊर्जा और दृष्टिकोण से भर दिया। ओरिएंटेशन के उद्घाटन सत्र में बतौर विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व पर्यटन सचिव और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विनोद जुत्शी, राजस्व विभाग के पूर्व स्पेशल सेक्रेटरी डॉ. राधे श्याम मिश्रा, मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के सीईओ मिस्टर सदाफ सईद, ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की को-फाउंडर एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सुशी सिंह और एचटी डिजिटल की एचआर हेड मिस पूजा मित्रा चेनॉय ने छात्रों को कॉरपोरेट जीवन की गहराइयों से अवगत कराया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा और निदेशक डॉ. अजय कुमार की उपस्थिति में हुई।

# सामाजिक कताओं के द्वारा जनसंपर्क के संबंध में बैठक की गई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा शिक्षा के बढ़ते बाजारीकरण, आरटीई के तहत हो रही अनियमित उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राइमरी स्कूल के विलय व बंद करने के निर्णय, सरकारी स्कूलों की बादल स्थिति, शिक्षक पदों की भर्ती और शिक्षामित्र की बहाली जैसे गंभीर मुद्दों पर अभिभावक व विभिन्न संगठनों के सामाजिक कताओं के द्वारा जनसंपर्क के संबंध में बैठक की गई । उन्होंने आरोप लगाया कि गाजियाबाद में फळए- 2009 के तहत वर्ष 2025- 26 में लगभग 20000 गरीब व वंचित वर्ग के बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए था लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग ने मात्र 6300 बच्चों को चयन किया । चयनित बच्चों में से 3000 बच्चों का दाखिला नहीं हुआ इससे यह स्पष्ट होता है कि निजी स्कूलों और शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों के बीच में गहरी साठगाँठ है जिस पर जीपीए ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए सरकार के सरकारी स्कूलों को विलय करने के निर्णय के खिलाफ तथा निजी स्कूलों के शोषण के विरुद्ध सांसदों जनप्रतिनिधि को ज्ञापन देने की बात कही बैठक में गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष सतपाल चौधरी, धर्मेंद्र यादव व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष के राष्ट्रीय मंत्री आशु चौहान ने भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली**। आज दिल्ली के वसंत इनक्लेव में श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय मंत्री व बिहार के सह प्रभारी राजन कुमार उर्फ आशु चौहान ने श्री कृष्ण जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया। जिसमें दिल्ली इस्कॉन कमेटी भी शामिल रही। भगवान जगन्नाथ उनके भाई बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा की रथ यात्रा हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष में निकाली जाती है। आशु चौहान ने ढोल नगाड़ों सहित यात्रा के पूरे रास्ते पुष्पों की वर्षा कराई और हजारों की संख्या में भगवान जगन्नाथ के भक्त झूमते नाचते भक्ति में लीन रहे। यात्रा में श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिपाल बिड़लान भी मौजूद रहे साथ ही प्रदेश में सहयोगी मनोज कुशवाहा वीरेन्द्र सहरावत युवा नेता विश्व प्रताप राघव सहित क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों सहित फहअ के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। समाजसेवी आशु चौहान ने कुछ दिन पहले ही भगवान श्री कृष्ण जी राधा रानी जी का भव्य कीर्तन कराया था। जिसकी भव्यता देखते ही बनती थी। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिपाल बिड़लान ने राजन कुमार उर्फ आशु चौहान के द्वारा किए गए धार्मिक कार्यों की प्रशंसा की ओर कहा के आशु चौहान श्री कृष्ण जी के बहुत बड़े भक्त हैं। और उन्होंने अपना जीवन सामाजिक कार्य करते हुए श्री बांके बिहारी जी की सेवा के लिए समर्पित किया है। महिपाल बिड़लान ने कहा के सनातन धर्म के रक्षण और उत्थान के लिए आशु चौहान जैसे भक्तों को भगवान जगन्नाथ अपना आशीर्वाद दे। और सदैव अपनी कृपा बनाए रखें।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जनता से सीधे संवाद, रियल टाइम में शिकायतों का समाधान

**गाजियाबाद**। पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ के नेतृत्व में जनता की शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान को प्राथमिकता देते हुए गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने जनसुनवाई प्रक्रिया को डिजिटल और प्रभावी स्वरूप में ढालने की नई पहल शुरू की है। पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ के निर्देश पर सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज बना प्रेरणा की मिसाल, मकनपुर ने मनाई रजत जयंती

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। कभी एक पेड़ के नीचे शुरू हुआ नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज, मकनपुर अब अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर चुका है, और इस ऐतिहासिक मौके पर विद्यालय में भव्य रजत जयंती समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि रहीं गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल, जिनकी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को गौरवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत महापौर के स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्राओं द्वारा बनाए गए हैंडमेड कलाकृतियों और तकनीकी प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी ने सभी अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। महापौर ने न केवल इन कलात्मक वस्तुओं को सराहा, बल्कि छात्राओं से संवाद करते हुए उनके तकनीकी कौशल को भी समझा। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं में आत्मनिर्भर भारत का भविष्य छिपा है और इस हुनर को बड़े मंचों तक पहुंचाने की जरूरत है। विद्यालय परिसर में सजे रंगमंच पर छात्राओं ने स्वागत कृत्य प्रस्तुत किया और नृत्य, नाट्य व विषयगत प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लास और गर्व से भर दिया। हर प्रस्तुति में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनशीलता की झलक दिखाई दी, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। अपने संबोधन में महापौर सुनीता दयाल ने भावुक होकर बताया कि यह विद्यालय 25 वर्ष पहले केवल एक पेड़ की छांव में शुरू हुआ था। लेकिन समर्पण, शिक्षकों की मेहनत और समाज के सहयोग से आज यह स्कूल गाजियाबाद में एक उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के स्कूल अब किसी भी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं हैं यहां 60-70 रुपये मासिक शुल्क में वह सब कुछ उपलब्ध है जो आमतौर पर महंगे निजी विद्यालयों में होता है।

## निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन गाजियाबाद महानगर (नंदग्राम एवं भीम नगर प्रखंड) के तत्वाधान में सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर एवं रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर नंदग्राम क्षेत्र में लगाया गया, जिसमें अनेकों नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

इस शिविर में जनरल हेल्थ चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, तथा रक्तदान जैसी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गईं विश्व हिंदू परिषद के महानगर प्रचार प्रमुख अश्वनी शर्मा ने बताया कि ₹नंदग्राम प्रखंड के कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में नागरिकों को इस सेवा शिविर का लाभ दिया और सेवाभाव से कार्य करते हुए पंजीकरण, दवा वितरण एवं रक्त संग्रहण की ज़िम्मेदारी निभाई। युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, समर्पण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों का निरंतर आयोजन करते रहेंगे।शिविर में बजरंग दल के कार्यकर्ता अमित त्यागी प्रमोद कुमार शेखर शर्मा कपिल चौधरी अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे




# लोनी में मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात बदमाश दबोचे, गोली लगने से घायल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। थाना लोनी पुलिस ने रविवार देर रात गढी सबलू रोड पर हुई मुठभेड़ के दौरान दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह दोनों आरोपी गौकशी, चोरी और गांजा तस्करी जैसे संगीन मामलों में पहले से वांछित थे। पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी तभी एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा करने पर उनकी बाइक फिसल गई और वे मौके पर ही पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों को घायल करते हुए गिरफ्तार कर लिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान दिलशाद पुत्र सलीम और मुरसलीन उर्फ छोटन पुत्र अजीज के रूप में हुई है। दोनों के पास से दो तमंचे, कारतूस, नुकीली रॉड, रस्सी, दाव (छुरे), गोकशी के उपकरण और दिल्ली से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि वे लंबे समय से चोरी, गौकशी और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। दोनों के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और धोखाधड़ी सहित कई संगीन धाराओं में केस दर्ज हैं।

## लोनी में सड़क हादसे ने छीना बेटे का सहारा, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**गाजियाबाद**। विकास नगर कॉलोनी निवासी एक युवक के परिवार पर उस वक्त दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब 29 जून को उसके पिता रामचरण की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा बंधला चिरोड़ी स्थित पहलवान ढाबे के सामने हुआ था, जहां रामचरण को गंभीर चोटें आई थीं। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दी थी, जिस पर अब पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। लोनी क्षेत्राधिकारी (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने जानकारी दी कि रविवार देर रात मृतक के परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। परिवार की मांग है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# साहिबाबाद के प्लूटो होटल में भीषण आग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। साहिबाबाद क्षेत्र के प्लूटो होटल में सोमवार सुबह एक भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। सुबह करीब 5:29 बजे जब आग लगने की सूचना फायर स्टेशन साहिबाबाद को मिली, उस वक्त फायर यूनिट पहले से ही साइट-4 स्थित एक पेपर फैक्ट्री में आग बुझाने में व्यस्त थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई की और अतिरिक्त यूनिट्स को मौके पर रवाना किया। वैशाली फायर स्टेशन से अतिरिक्त बल बुलाया गया और कुल पांच दमकल गाडि ?ों को होटल प्लूटो की ओर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचने पर देखा गया कि आग होटल की छत पर बने किचन और स्टोर से फैलती हुई एलिवेशन और ऊपरी हिस्सों तक पहुँच चुकी थी। घना काला धुआं आसपास के वातावरण को ढक चुका था, जिससे दमकलकर्मियों को सांस लेना तक मुश्किल हो रहा था। होटल की बनावट और संकरी पहुंच से अग्निशमन कर्मियों को तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन फायर टीम ने सूझबूझ और अनुभव का परिचय देते हुए होटल के पीछे की एक इमारत की सीढि ?ों से पहुंच बनाकर लंबी होज लाइन खींची और आग बुझाने का काम शुरू किया। दूसरी ओर, एक अन्य यूनिट ने होटल के मुख्य प्रवेश द्वार से मोर्चा संभाला। करीब दो घंटे की लगातार कार्रवाई के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने चारों ओर से घेराबंदी कर आग को फैलने से रोका, जिससे होटल में ठहरे लोगों और आस-पास की संपत्ति को नुकसान से बचा लिया गया। सौभाग्यवश, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग के कारणों की जांच जारी है। प्राथमिक अनुमान शॉर्ट सर्किट का है, लेकिन सटीक वजह फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। अग्निशमन विभाग की सतर्कता और तेज प्रतिक्रिया ने एक बड़े हादसे को टाल दिया। यदि समय रहते कार्रवाई न होती, तो यह आग आसपास की इमारतों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। विभाग की इस प्रभावशाली तत्परता की सराहना स्थानीय नागरिकों द्वारा की जा रही है।

## पिता ने बेटी की अस्मिता पर किया हमला, मां ने बचाया

**गाजियाबाद**। मोदीनगर क्षेत्र से एक ऐसी झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने समाज के उस रिश्ते को कलंकित कर दिया है, जिसे सबसे पवित्र माना जाता है पिता और बेटी का रिश्ता। मेरठ जिले के दौराला की रहने वाली एक महिला की शादी 17 वर्ष पूर्व मोदीनगर के एक गांव में हुई थी। यह उनकी दूसरी शादी थी। पहले पति से एक बेटा और एक बेटी थी, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी वर्तमान पति ने सहर्ष ली थी। बाद में इस दंपति के दो और बच्चे हुए। बीते कुछ समय से पति का व्यवहार बदलने लगा था। वह अक्सर शराब के नशे में धुत्त होकर पत्नी के साथ मारपीट करता। कुछ दिन पहले जब उनकी 15 वर्षीय बेटी कमरे में अकेली थी, तभी पिता ने वहां घुसकर दुष्कर्म की कोशिश की।

# धूमधाम से मनाया गया छतरपुर गुरुजी का जन्मदिन

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली**: गुरुजी छतरपुर वाले, डुगरी वाले गुरुजी और शुक्राना गुरुजी के नाम से भी जाना जाता है। उनका जन्म 7 जुलाई 1952 को पंजाब के डुगरी गांव में हुआ था। गुरुजी ने अंग्रेजी और अर्थशास्त्र में डबल एमए की डिग्री प्राप्त की हुई है, लेकिन बचपन से ही आध्यात्म में रुचि होने के कारण उन्होंने अपना घर छोड़ दिया और आध्यात्मिक ज्ञान की खोज में निकल पड़े। उन्होंने 1990 के दशक में दिल्ली के छतरपुर के भाटी माइंस इलाके में एक भव्य शिव मंदिर की स्थापना की, जिसे आज बड़ा मंदिर के नाम से जाना जाता हैं, 2007 को गुरुजी संसारिक जीवन को छोड़ गए, लेकिन प्रत्येक वर्ष 7 जुलाई को गुरुजी की संगत (भक्त) का बड़े मंदिर पर तांता सा लगा रहता है और लाखों की संख्या में लोग अपने आध्यात्मिक गुरु के दर्शन हेतु भीषण गर्मी में भी लाइनों में लगे रहते हैं, और सभी संगत अपने अपने तरीके से गुरुजी का जन्मदिन मनाते है जिसमें संगत लंगर प्रसाद की सेवा, जल प्रसाद की सेवा, गुरुजी का केक काटकर गुरुजी का जन्मदिन मनाते है और देश के अलग अलग राज्यों से संगत दर्शन हेतु बड़े मंदिर आते हैं और विदेशों में भी गुरुजी के मंदिर बनाए गए हैं और वहां भी गुरुजी का जन्मदिन मनाया जाता है